रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/98 REGISTERED NO. DL—33001/98

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 17] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 25, 1998 (वैशाख 5, 1920)
No. 17] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 25, 1998 (VAISAKHA 5, 1920)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	309
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	355
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	1
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	570
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उप-विधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii) भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	391
भाग III—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेंटों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	555
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1283
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	71
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला अनुपूरक	

*आंकड़े प्राप्त नहीं।

CONTENTS

PAGE

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 309

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 355

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . . . . . *

PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence 579

PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations . . . . . *

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . . . . *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 of Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) *

PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence *

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India . 391

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs 555

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners . . . . . *

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 1283

PART IV—Advertisements and Notices issued by private Individuals and private Bodies . 71

PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc., both in English and Hindi *

*Pages not received

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधिसंगत नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 11 अप्रैल 1998

सं० 34-प्रेज 98—राष्ट्रपति अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री महानन्द टोप्पो, कांस्टेबल,
जरवा प्रोटेक्शन पुलिस पोस्ट,
तिरुर, पोर्ट ब्लेयर ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

23/24 अप्रैल 97 के बीच की रात को अंडमान के जंगलों में रहने वाले 30-35 जर्वाओं नेजखा प्रोटेक्शन पुलिस पोस्ट, तिरुर पर हमला किया । उन्होंने पुलिस पोस्ट की बांस की बनी दीवार को खींचना शुरू किया । श्री महानन्द टोप्पो, कांस्टेबल संतरी ड्यूटी पर था । उन्होंने देखा कि जखा शत्रु, झोंपड़ों में सो रहे उनके साथियों की ओर अपने तीरों के निशाने साध रहे हैं । उन्होंने अपने साथियों को भी चौकन्ना कर दिया । इसी बीच जखाओं द्वारा चलाया गया एक तीर कांस्टेबल टोप्पो की छाती में बायीं ओर लगा । तत्पश्चात दूसरे पुलिस कर्मी उठे और उन्होंने पोजीशन ले ली । गम्भीर रूप से घायल होने के बावजूद श्री टोप्पो ने तीर को बाहर खींचा, और जखाओं पर तब तक गोलियां चलाते रहे जब तक वे भाग न खड़े हुए ।

इस मुठभेड़ में श्री महानन्द टोप्पो, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक (वीरता) के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है और फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24-4-97 से दिया जाएगा ।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं 35-प्रेज 98—राष्ट्रपति, गुजरात सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद
श्री रमन प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक
जिला पंचमहल, गुजरात

(मरणोपरान्त)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

दिनांक 2-5-1995 को जिला पुलिस अधीक्षक, पंचमहल को सूचना मिली कि एक तेंदुआ तारामकंच गांव में क्रोधोन्माद में है और चार ग्राम वासियों को घायल कर चुका है । उसकी एक घर में घेराबन्दी की गई थी और उस घर के लोग अन्दर ही फंसे रह गये थे । श्री रमन प्रकाश अपर पुलिस अधीक्षक ने स्वेच्छा से यह कार्य करने का बीड़ा उठाया और गांव की ओर दौड़े । वहां पहुंचकर उन्हें मालूम हुआ कि जिस कमरे में तेंदुआ है उसकी दीवार में एक महिला फंसी हुई है । तुरन्त विचार-विमर्श करने के बाद पुलिस पार्टी ने छत से कुछ खपरैले हटा कर महिला को सफलतापूर्वक बाहर खींच लिया । इसके बाद तेंदुए को घर से निकालकर दरवाजे के बाहर रखे पिंजरे में लाने के हर संभव प्रयास किये गए । परन्तु तेंदुआ दरवाजे की ओर न आकर महिला को बाहर खींचने के लिए खाली किये गये स्थान से होकर छत से कूद गया । यह देखकर पुलिस पार्टी ने तेंदुए पर गोली चलायी लेकिन वह सुरक्षित बच निकला । तेंदुआ पहले तो तेजी से जंगल की ओर दौड़ा लेकिन अचानक ही वह गांव की ओर मुड़ा और उसने दो पुलिस कर्मियों पर हमला किया । तेंदुए को पुलिस पर हमला करते देख श्री रमन प्रकाश, जो घर के दूसरी ओर खड़े थे, फुर्ती से उन्हें बचाने दौड़ पड़े और अपने अंगरक्षक से अपने पीछे आने को कहा । वहां पहुंचकर उन्होंने देखा कि पुलिस कर्मी मदद के लिए चिल्ला रहे हैं । उन्होंने तुरन्त अपने सर्विस रिवाल्वर से तेंदुए पर गोली चलायी । जब उन्होंने दूसरी बार गोली चलानी चाही तो उनकी पिस्तौल बन्द

गई । घायल होने के बाद तेंदुआ क्रोधित हो गया और वह जिला पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक पर झपटा । जिला पुलिस अधीक्षक स्वयं को बचाने में सफल हो गये लेकिन लड़ खड़ा गए और गिर गये । जब श्री रमन प्रकाश ने देखा कि तेंदुआ पुलिस अधीक्षक की ओर बढ़ रहा है तो वे तेजी से उनको बचाने दौड़े । यह देखकर श्री रमन प्रकाश के अंगरक्षक ने तेंदुए पर दो राउन्ड गोलियां चलायीं लेकिन एक गोली श्री प्रकाश के फेफड़ों में घुस गयी और उनकी मृत्यु हो गई ।

एक वीर अधिकारी ने सेवा की उच्च परम्पराओं को बनाये रखने में सर्वोच्च बलिदान दिया ।

इस मुठभेड़ में श्री रमन प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला कंचमहल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2-5-95 से दिया जाएगा ।

एम० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 36-प्रैस/98—राष्ट्रपति, हरियाणा सरकार के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री मोहिन्दर सिंह, सहायक उप निरीक्षक,
थाना नांगल, जिला अम्बाला

श्री विजय भान कांस्टेबल (मरणोपरान्त)
थाना नागल, जिला अम्बाला

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

14 और 15 दिसम्बर, 1995 के बीच की रात को सहायक उप निरीक्षक, मोहिन्दर सिंह और कांस्टेबल विजय भान ने मतेरी चौक पर पांच व्यक्तियों को ले जाती एक ट्रैक्टर ट्राली देखी जो हिसार की तरफ से आ रही थी । सहायक उप निरीक्षक मोहिन्दर सिंह ने ट्रैक्टर रुकवाया । और कांस्टेबल विजय भान को ट्राली की जांच करने के लिए कहा । जब कांस्टेबल विजय भान ने ट्राली की जांच करनी शुरू की तो ट्राली के पर बैठे एक व्यक्ति ने कांस्टेबल विजय भान पर गोली चलायी तथा दूसरे व्यक्तियों ने उसकी कारबाईन और मैगजीन छीन ली । वे अपने हथियार वापिस लेने के लिए बदमाशों से भिड़ गए लेकिन गोली की गम्भीर चोटों के कारण उनकी वहीं मृत्यु हो गई । स्थिति को भांपकर सहायक उप निरीक्षक मोहिन्दर सिंह ने पोजीशन ली और अपराधियों पर गोलियां चलायीं । दोनों ओर से हुई गोलीबारी में गम्भीर रूप से घायल मे होने के बावजूद सहायक उप निरीक्षक मोहिन्दर सिंह गोली चलाते रहे और अपराधियों का पीछा करते रहे । लेकिन अपराधी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकलने में सफल हो गए । ट्राली में निम्नलिखित विस्फोटक सामग्री बरामद हुई :—

(i) तारकोल आधारित आर० डी० एक्स० केक्स के 54 पैकेट जिनका वजन 16.5 कि० ग्रा० था ।

(ii) लगभग 45 मी० लम्बी मी० टी० एन० फिल्ड वायर

(iii) स्पेडस

(iv) दो मानव बम जेकेटें और अन्य औजार ।

इस मुठभेड़ में श्री मोहिन्दर सिंह, सहायक उप निरीक्षक और (विवंगत) श्री विजय भान, कांस्टेबल, थाना नागल, जिला अम्बाला ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस नियमावली 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15-12-95 से दिया जाएगा ।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 37-प्रैस/98—राष्ट्रपति, हरियाणा सरकार के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री राम गोविन्द,
पुलिस उप अधीक्षक,
टोहाना ।

श्री सूबे सिंह, (मरणोपरान्त)
पुलिस सहायक उप निरीक्षक
हिसार

श्री बलबीर सिंह,
कांस्टेबल
हिसार

श्री रतन सिंह,
कांस्टेबल
हिसार

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

30-3-93 को सूचना मिली कि खूखार आतंकवादी बलविन्दर सिंह उर्फ बुलैट अपने गिरोह के साथ उपस्थित है। लगभग 4.50 बजे अपराह्न पुलिस अधीक्षक, हिसार अपने बल, बुलैट प्रुफ जिप्सी और ट्रैक्टर के साथ रंगोली नाले के नजदीक पहुंचे। तीन पार्टियां बनायी गयीं। पुलिस उप अधीक्षक फतेहाबाद, ने थानेदार फतेहाबाद और थानेदार टोहाना के साथ बांयी दिशा को कवर किया, पुलिस अधीक्षक, आपरेशन ने सहायक पुलिस अधीक्षक और कमाण्डो के साथ दाहिनी दिशा को कवर किया तथा श्री राम गोविन्द दो बुलैट प्रूफ जिप्सियों में पर्सनल स्टाफ के साथ पीछे थे और उन्होंने जिप्सियों को कवरिंग फायर दी। इसी बीच पांच व्यक्तियों को खेतों की तरफ भागते हुए देखा गया। हमला करने वाली मुख्य पार्टी आगे बढ़ी और आतंकवादियों का पीछा करना शुरू किया और उन पर गोलियां चलायी। भागते हुए आतंकवादियों की रफ्तार कम करने के लिए एल० एम० जी० से गोलीबारी की गयी। लगभग 4-5 किलोमीटर तक उनका पीछा किया गया। इसी बीच पुलिस वाहन को इस प्रकार से खड़ा कर दिया गया कि आतंकवादी खेतों और सड़कों में चारों तरफ से घिर गए। अंततः आतंकवादी बलविन्दर सिंह ने खेत के एक किनारे मोर्चा संभाल लिया और पुलिस पर लगातार गोलियों की बौछार करके उनकी गतिविधियों को नियंत्रित कर दिया। पुलिस अधीक्षक हिसार और थानेदार फतेहाबाद श्री उदय सिंह निरीक्षक के साथ आकर मिल गए, वे बुलैट प्रूफ जिप्सी में बैठ गए जो वहां फंस गयी, और जब कार्मिक उसे बाहर निकालने की कोशिश कर रहे थे तो उन पर गोलियों की बौछार की गयी। श्री उदय सिंह ने आतंकवादी की वास्तविक पोजीशन का पता लगाकर इस पार्टी के अन्य कार्मिकों से सिर झुकाए हुए रखने को कहा। कांस्टेबल बलबीर सिंह अपनी जान को जोखिम में डालकर जिप्सी के अन्दर घुस गए और जिप्सी को आतंकवादियों के ऊपर चढ़ा दिया। निरीक्षक उदय सिंह और कांस्टेबल रतन सिंह जिप्सी के अन्दर थे, उन पर आतंकवादियों ने गोलियां चलायी। गोलियों ने जिप्सी को भेद कर निरीक्षक उदय सिंह और कांस्टेबल ड्राइवर बलबीर सिंह को जख्मी कर दिया। कांस्टेबल बलबीर सिंह जिप्सी से बाहर कूद पड़े, जबकि कांस्टेबल रतन सिंह दो आतंकवादियों से भिड़ गए। इसी बीच श्री राम गोविन्द जख्मी ड्राइवर को बचाने के प्रयास में आतंकवादियों की गोलीबारी के सामने आ गए और उन पर गोलियां चलायी गयी लेकिन श्री राम गोविन्द ने विचलित हुए बिना गोलीबारी का जवाब दिया और अपने जीवन को भारी खतरे में डालकर बलविन्दर सिंह पर गोली चलायी। सहायक उप निरीक्षक अजायब सिंह ने भी उस पर गोली चलायी। इस मुठभेड़ में बलविन्दर सिंह उर्फ बुलैट और तरसेम सिंह मारे गए। गोलीबारी में जख्मी होने के कारण सहायक उप निरीक्षक सूबे सिंह ने दम तोड़ दिया। दूसरे आतंकवादी सुखदीप सिंह का शव अगले दिन बरामद किया गया जबकि दो अन्य आतंकवादी अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गए। बलविन्दर सिंह, 100 से अधिक निर्दोष व्यक्तियों की हत्याओं के संबंध में 40 से अधिक हत्याओं के मामलों में संलिप्त था तथा उसके सिर पर 5 लाख रु० का इनाम था। घटना स्थल से एक राइफल, अमरिका निर्मित एक .22 माऊजर, एक 7.62 राइफल, एक ए० एल० आर० राइफल, एक .38 बोर रिवाल्वर और बड़ी मात्रा में गोला-बारुद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में सर्व श्री राम गोविन्द, सूबे सिंह, बलबीर सिंह और रतन सिंह ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य पराणयता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता 30-3-93 से दिया जाएगा।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 38-प्रेज/98—राष्ट्रपति, हिमाचल प्रदेश सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री मस्त राम, हैड कांस्टेबल, (मरणोपरान्त)
जिला—कांगड़ा

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 24-1-97 को पिस्तौलों से लैस तीन आतताइयों ने पालमपुर उप-मंडल में ठाकुर द्वारा गांव के पास एक पेट्रोल पम्प को लूटने का प्रयास किया। उन्होंने किन्ही ज्ञान सिंह का स्कूटर छीना जिसे वे बस स्टैंड के पास छोड़ गए। स्कूटर छोड़ने के बाद वे तीनों अपराधी मुख्य सड़क के नीचे एक लेन की ओर दौड़े। इसी बीच, हैड कांन्टेबल मस्तराम, जो न्यायालय सम्बन्धी कार्य निपटा कर थाने में पहुंचे ही थे, को लूटपाट के प्रयास और अपराधियों के भाग जाने के बारे में मालूम हुआ और वे अपराधियों का पीछा करने में अपने साथियों की मदद करने के लिए तुरन्त ही थाने से बाहर आ गए। अनुकरणीय तत्परता और कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए और शस्त्र तथा गोलाबारुद की प्रतीक्षा किये बिना, वे तत्काल एक ऐसे छोटे रास्ते से लुटेरों का पीछा करने के लिए निकल पड़े जो उस लेन, जिससे अपराधी जा रहे थे, को काटता था। उन्होंने थाने के समीप ही अपराधियों को ढूंढ लिया लेकिन जब उन्होंने, उन्हें दबोचने और उनमें से एक को पकड़ने का प्रयास किया तो उनमें से एक ने गोली चलाकर उन्हें घटनास्थल पर ही मार दिया। श्री मस्तराम ने कर्तव्य की बलिवेदी पर अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया।

इस मुठभेड़ में (दिवंगत) श्री मस्तराम, हैड कांस्टेबल, जिला कांगड़ा ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24-1-97 से दिया जायेगा।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 39-प्रेज/98—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर सरकार के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम और पद

श्री फारूक खान, पुलिस अधीक्षक

श्री आर० के० जाल्ला, पुलिस उप-अधीक्षक, श्रीनगर

श्री जी० एस० भाऊ, निरीक्षक श्रीनगर

श्री अमानुल्लाह खान, उप निरीक्षक
13 वीं बटालियन, जम्मू कश्मीर सशस्त्र पुलिस

श्री बलविन्दर सिंह, कांस्टेबल
8वीं बटालियन, जम्मू और कश्मीर सशस्त्र पुलिस

श्री मो० याकूब, कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 24-3-1996 को, गैर-कानूनी जे० के० एल० एफ० गुट के कुछ उग्रवादी अपने शस्त्रों के साथ घाटी में एक पूजा स्थल में घुस गए। इस क्षेत्र को आतंकवादियों से मुक्त कराने के उद्देश्य से जम्मू एवं कश्मीर पुलिस, श्रीनगर के एस० ओ० जी० द्वारा एक आपरेशन चलाने का निर्णय लिया गया। एस० ओ० जी० श्रीनगर, जो श्री फारूक खान, पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) की कमान में कार्य कर रहा था, को सख्त दिशा-निर्देश जारी किये गये कि इस आपरेशन के दौरान पूजा स्थल को कोई नुकसान नहीं होना चाहिए। 30 मार्च, 1996 को श्री खान, पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) ने, उचित योजना बनाकर और तैयारी करके, लक्षित छिपने के दोनों ठिकानों को घेर लिया। पूजा स्थल से 60/70 मीटर की दूरी पर स्थित छिपने के दोनों ठिकानों को घेरने के पश्चात बार-बार घोषणा करके उग्रवादियों से छुपने के ठिकानों से बाहर आ जाने और पुलिस प्राधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने को कहा गया। बार-बार की गई घोषणाओं के परिणामस्वरूप छुपे हुए उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। तीन महिलायें और तीन बच्चे जिन्हें शिविर में बंधक बनाकर रखा गया था, भी इस अवसर का लाभ उठाकर बाहर निकल आये। लेकिन इस मौके पर छिपे हुए आतंकवादियों में से कुछ कट्टर आतंकवादियों ने उनमें से किसी को भी बाहर आने से रोकने के लिए गोलियां चलायी। अत्यधिक धैर्य रखते हुए आपरेशन प्रभारी ने पुनः उनसे कहा कि वे गोलीबारी बन्द करें क्योंकि इसके परिणामस्वरूप उनकी मृत्यु हो सकती है। लेकिन आतंकवादी अपने स्वचालित हथियारों से गोली चलाते रहे। तत्पश्चात् छापामार पार्टी को दो ग्रुपों में बांटा गया। एक ग्रुप को हथगोलों और राइफल से आतंकवादियों के छिपने के ठिकानों पर हमला करना था और दूसरे ग्रुप को दोनों ओर से कवरिंग फायर उपलब्ध करानी थी और आतंकवादियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किए रखना था। निरीक्षक जी बी० भाऊ के नेतृत्व में पहली पार्टी को हमला करने वाली पार्टी के लिए कवरिंग फायर उपलब्ध करने के लिए तैनात किया गया था। जब पहली पार्टी लक्षित स्थल पर पहुंची तो उसने कुछ हथगोले अन्दर फेंके। हथगोलों के फटने से दो आतंकवादी घटनास्थल पर ही मारे गये और दूसरों ने अपनी-अपनी अनुकूल पोजीशन बदल ली तथा वे घर के दूसरे भागों में आड़ लेने के लिए मजबूर हो गये। श्री सिंह, अपनी जान की परवाह किये बिना अपने साथियों के साथ छिपने के ठिकाने के अन्दर घुसे। श्री खान और उनकी पार्टी जिसमें सर्व श्री आर० के० जाल्ला, पुलिस उपाधीक्षक, बलविन्दर सिंह, कांस्टेबल, जी० एस० भाऊ, निरीक्षक, अमानुल्लाह खान, उप निरीक्षक और मो० याकूब, कांस्टेबल शामिल थे, छिपने के ठिकाने में घुस गए जिससे आतंकवादी भौंचके हो गए इससे पहले कि वे छापा-मार पार्टी को कोई नुकसान पहुंचाते, वे दोनों ओर से हो रही गोलाबारी में मारे गये।

पहले छिपने के ठिकाने को नष्ट करने के बाद दूसरे ठिकाने पर ध्यान केन्द्रित किया गया जिसकी अच्छी तरह मोर्चेबन्दी की गई थी। छुपे हुए आतंकवादियों से पुनः कहा गया कि वे आत्मसमर्पण कर दें लेकिन उन्होंने जवाब में हथगोले फेंके और गोलियां चलायी। श्री खान के निर्देशानुसार, श्री आर के जाल्ला के नेतृत्व में पूर्व की ओर तैनात दस्ता भी इस टीम में शामिल हो गया और उस दिशा को भी सुरक्षित करने में उनकी मदद की। श्री जी० एस० सिंह, निरीक्षक और अन्य के साथ श्री आर० के० जाल्ला पुलिस, उपाधीक्षक चलती हुई जिप्सी की आड़ में उस घर के निकट पहुंचे और उन्होंने चीनी हथगोलों से हमला किया और राइफल से गोलीबारी की हथगोलों के फटने से जिप्सी का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया और वह चलने लायक नहीं रही और आतंकवादियों की गोलीबारी ने छापा मार पार्टी को काबू कर लिया। लम्बे समय तक चली गोलाबारी के पश्चात् तीनों दलों के संयुक्त प्रयास के परिणामस्वरूप आतंकवादियों का गढ़ नष्ट हो गया और वहां छुपे हुए सभी 19 आतंकवादियों का सफाया हो गया। मुठभेड़ स्थल से 10 ए० के० राइफल, एक स्निपर राइफल, एक मशीन पिस्तौल, एक राकेट लांचर, एक राकेट, एक 9एम० एम० एस० ए० एफ० कार्बाइन, तीन 303 राइफलें, 15 वायरलेस सेट

एक चीनी हथगोला, 24 ए० के० मैगजीन, ए० के० के० 155 राउन्ड, 8 चीनी पिस्तौलें और एक रिवाल्वर बरामद किए गये ।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री फारुक खान, पुलिस अधीक्षक, आर० के० जाला, पुलिस उपाधीक्षक, बलविन्दर सिंह, कांस्टेबल जी० एस० भाऊ, निरीक्षक, अमानुल्लाह खान, उप निरीक्षक और मो० याकूब, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्च-कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप नियम–5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24–3–96 से दिया जायेगा ।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 40–प्रेज/98—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र सरकार के निम्न-लिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री विलास भीखाजी मराठे, निरीक्षक

श्री मिलिन्द भीखाजी खेटले उ० नि०

श्री अब्दुल रउफ गनी शेख, कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

कुछ खूंखार डकैतों के पहुंचने के बारे में 16–8–96 को विश्वस्त सूचना प्राप्त होने के उपरांत, उन्हें पकड़ने के लिए निरीक्षक मराठे के नेतृत्व में एक दल गठित किया गया । श्री वी० बी० मराठे, निरीक्षक ने उप-निरीक्षक, खेटले तथा कांस्टेबल शेख के साथ उस स्थल पर एक जाल बिछाया । लगभग 2.50 बजे अपराह्न में तीन व्यक्तियों को उस स्थान की तरफ जाते हुए देखा गया । पुलिस दल ने उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन डकैतों ने बदले में उनपर गोलीबारी करके उप-निरीक्षक खेटले को घायल कर दिया । कोई विकल्प न सूझने पर, उन तीनों ने गोलीबारी का जवाब दिया । भागने के प्रयास में, अपराधी एक संकरी गली में घुस गए और पुलिस पर गोलीबारी करते रहे । उनका पीछा करते समय, निरीक्षक, देशमुख तथा उ० नि० परमार भी उनके साथ हो लिए, जिन्होंने अपराधियों पर गोलीबारी की । दोनों तरफ से की जा रही गोलीबारी में, सुरेश यांडे व चन्द्रशेखर पुलिस की गोली लगने से गिर गए और अस्पताल में मृत घोषित कर दिए गए । तथापि, तीसरा अपराधी भागने में सफल हो गया । डकैत सुरेश यांडे के पास से तीन राउंड सक्रिय कारतूसों के साथ-साथ एक पिस्तौल बरामद की गई ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री विलास भीखा जी मराठे, निरीक्षक, मिलिन्द भीखाजी खेटले, उप-निरीक्षक और अब्दुल रउफ गनी शेख, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16–8–96 से दिया जाएगा ।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 41–प्रेज/98—राष्ट्रपति, मणिपुर सरकार के निम्न-लिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री एन० जोतिन सिंह, उप–निरीक्षक, इंफाल

श्री के० देवन सिंह, नायक, इंफाल

(दिवंगत) श्री एल० श्यामसुन्दर सिंह, कांस्टेबल, इंफाल

श्री एस० ज्ञानिल सिंह, कांस्टेबल, इंफाल

श्री ए० गोविन्दरो सिंह, कांस्टेबल, इंफाल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

11–7–96 को श्री एन० जोतिन सिंह, उप-निरीक्षक को सूचना मिली कि कुछ कट्टर पी० एल० ए० उग्रवादी नंबोल थियाम अवांग लिकाई में एक घर में बैठक कर रहे हैं । उन्होंने तुरंत (सर्व/श्री के० देवन सिंह, एल० श्यामसुन्दर सिंह, एस० ज्ञानिल सिंह और ए० गोविन्दरो सिंह को लेकर) एक पार्टी बनाई । पुलिस पार्टी संदिग्ध स्थान की तरफ रवाना हो गई । वहां पहुंचने के बाद इन्होंने तुरंत उस संदिग्ध क्षेत्र को चारों तरफ से घेर लिया और भाग निकलने के सभी संभावित रास्ते बंद कर दिए । इस बीच, कांस्टेबल एल० श्यामसुन्दर सिंह ने एक युवक को चोरी–छिपे एक घर में प्रवेश करते देखा । उन्होंने अपने कमांडर को इस बारे में सूचित किया और नायक के० देवन को साथ लेकर उस घर की तरफ बढ़े और घर के अन्दर जो लोग थे उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा । तथापि, परिवार के कुछ सदस्यों को छोड़कर, संदिग्ध व्यक्ति बाहर नहीं आए । इस पर, सर्व/श्री एल० श्यामसुन्दर सिंह और के०देवन सिंह उस घर में घुस गए और तलाशी लेनी शुरू कर दी । अचानक संदिग्ध व्यक्तियों ने घर के एक कोने से अनेक राउंड गोलीबारी की । एक गोली कांस्टेबल एल० श्यामसुन्दर सिंह के माथे पर लगी और उनकी घटनास्थल पर मृत्यु हो गई । यह देखकर, नायक के० देवन सिंह ने मोर्चा संभाला और अपनी ए० के० 47 राइफल से गोलाबारी की । सार्जेन्ट अपने दो साथियों सहित पीछे के दरवाजे से निकल भागा, नायक देवन सिंह ने परस्पर गोलाबारी के बीच अपराधियों का पीछा किया

तथा अपराधी विभिन्न दिशाओं में भागे । उनमें से एक अपराधी जो दक्षिण की तरफ भागा जा रहा था, उप-निरीक्षक एन० जोतिन सिंह ने उसका पीछा किया । उन्होंने उसे आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी लेकिन वह भागता रहा। अपराधी को रोकने का कोई दूसरा विकल्प न पाकर उप निरीक्षक जोतिनसिंह ने उस अपराधी पर गोली चलाई जिससे वह घायल हो गया और मारा गया । बाद में उसकी पहचान औरबम थोईबा पी० एल० ए० के० एक कट्टर उग्रवादी के रूप में की गई।

2. इस बीच, अन्य दो विद्रोहियों जो पश्चिम दिशा की ओर भाग रहे थे, का पीछा नायक देवन सिंह, कांस्टेबल एस० शानिल और कांस्टेबल ए० गोबिन्दरो सिंह ने किया। भागते हुए अपराधियों ने आत्मसमर्पण के लिए बार-बार दी गई चेतावनी की कोई परवाह नहीं की और पुलिस कार्मिकों पर गोलियां चलाते रहे । पुलिस कार्मिकों ने भी गोलियां चलाई और इस मुठभेड़ में कांस्टेबल गोबिन्दरो सिंह को गोली लगी। एक अपराधी को भी गोली लगी और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया । बाद में इसकी पहचान पी० एल० ए० के स्वयंभू सेकेन्ड लेफ्टिनेंट मैबम केशो के रूप में की गई । मृत अपराधी से 0.38 बोर की एक रिवाल्वर और 4 सक्रिय राउन्ड बरामद किए गए। अन्य अपराधी भागने में सफल हो गए।

इस मुठभेड़ में सर्वश्री एन० जोतिम सिंह, उप निरीक्षक, के० देवन सिंह, नायक (दिवंगत) एल० श्यामसुन्दर सिंह, कांस्टेबल, एस० शानिल सिंह, कांस्टेबल और ए० गोबिन्दरो सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11-7-1996 से दिया जाएगा ।

एस० के० शरीफ,
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 42/98-राष्ट्रपति, नागालैण्ड सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :-

अधिकारी का नाम और पद

श्री एम० वी० चखेसंग
एस० पी० कोहिमा

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

5-3-1995 को राष्ट्रीय राइफल की 16वीं बटालियन की एक कान्वाइ राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के रास्ते राजधानी कोहिमा से गुजरते हुए मणिपुर से दिमापुर जा रही थी । कान्वाइ का अगला हिस्सा दिमापुर की तरफ शहर के बाहर छोर पर पहुंच गया था तथा कान्वाइ का पिछला हिस्सा अभी तक मणिपुर की तरफ शहर के अंतिम छोर पर था। लगभग 1.10 अपराह्न का समय था । रविवार का दिन था व शहर के निवासी चर्च में प्रार्थना करके व दोस्तों से मिलकर वापस आ रहे थे । कान्वाइ में यात्रा कर रहे राष्ट्रीय राइफल की 16वीं बटालियन के जवान व अधिकारियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी । कान्वाइ अगले हिस्से से लेकर पिछले हिस्से तक 5 किलोमीटर मार्ग में थी । प्रथम छोर से लेकर अंतिम छोर तक के मार्ग के साथ-साथ गोलीबारी हो रही थी । उस समय श्री एम वी० चखेसंग पुलिस मुख्यालय में स्थित जे सी सी० कक्ष में सेना, अर्द्ध-सैनिक बल तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपात समन्वय बैठक कर रहे थे । उन्होंने, पुलिस अधीक्षक, कोहिमा के दफ्तर के सामने स्थित पुलिस प्वाइंट के समीप से आती हुई गोलीबारी की पहली आवाज सुनने पर ब्रिगेडियर रमेश नागपाल, डी० आई० जी०, ए० आर० जो एस पी के साथ बैठक में उपस्थित थे, उस स्थान की तरफ रवाना हुए जहां से पहली बार गोलीबारी की आवाज सुनाई पड़ी थी । इस घटना के बारे में टेलीफोन पर डी जी पी० नागालैण्ड को सूचित करके, श्री चखेसंग घटनास्थल की तरफ रवाना हो गए । रास्ते में श्री चखेसंग ने ब्रिगेडियर नागपाल के साथ कुछ कार्मिकों को यात्रा करते देखा जो उक्त गोलीबारी के कारण घायल हो गए थे तथा जिनके शरीर पर खून के धब्बे थे, जिन्हें दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था । राष्ट्रीय राइफल की 16वीं बटालियन के अधिकारियों में जवानों को अंधाधुंध गोलीबारी में संलिप्त होने तथा रास्ते में नागरिकों को जान से मारते एवं घायल करते देख कर, उन्होंने राष्ट्रीय राइफल की 16वीं बटालियन के जवानों एवं अधिकारियों से गोलीबारी बंद करने का अनुरोध किया जिसका शुरू में कोई असर नहीं हुआ। ऐसी स्थिति में जब कि सुरक्षा बल कार्मिकों का एक ग्रुप क्रोधाभिभूत होकर अंधाधुंध गोलीबारी करने में लगा हुआ था, यह महसूस करने पर कि अनेक नागरिक मारे जाएंगे, घायल हो जाएंगे, राष्ट्रीय राइफल की 16वीं बटालियन के कार्मिकों और जवानों को गोलीबारी रोकने के लिए मनाने के लिए उस स्थान, जहां से गोलीबारी की जा रही थी के इर्द-गिर्द जाने का निर्णय करना निःसन्देह एक गम्भीर खतरे का काम था । श्री चखेसंग ने यह खतरा लेने का निर्णय लिया और वे राष्ट्रीय राइफल की 16वीं बटालियन के जवानों व अधिकारियों से गोलीबारी रोकने हेतु अनुरोध करने उनके इर्द-गिर्द गए, साथ-ही-साथ उन्होंने ऐसे नागरिक, जो गोलियां लगने के कारण घायल हो गए थे और सड़क के किनारे पड़े पोड़ा से कराह रहे थे को, उस स्थान से हटाना शुरू कर दिया । बाद में नागालैण्ड के डी० जी० पी० भी इस कार्य में उनके साथ हो गए तथा अंधाधुंध गोलीबारी में संलिप्त राष्ट्रीय राइफल की 16वीं बटालियन के जवानों व अधिकारियों को गोलीबारी, जिसके कारण अनेक लोगों की जानें जातीं व अनेक नागरिक घायल

होते, को बंद करने के लिए मनाने में सफल हुए ।

इस मुठभेड़ में श्री एम० बी० चखेसंग, एम० पी० कोहिमा ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 5-3-1995 से दिया जाएगा ।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 43-प्रेज/98—राष्ट्रपति, नागालैण्ड सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री एस० एस० त्रिपाठी,
अपर पुलिस अधीक्षक,
मोकोकचुंग ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

1-1-1994 को लगभग 14.15 बजे एक ऑयल टैंकर 10,000 लीटर पेट्रोल, पेट्रोल पंप, मोकोकचुंग लाया, जिसमें भूमिगत टैंकों में पेट्रोल भरते समय आग लग गई । पुलिस अधीक्षक, मोकोकचुंग के आदेशानुसार श्री एस० एस० त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक घटनास्थल की तरफ रवाना हुए । लगभग 14.25 बजे वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि टैंकर में आग लगी हुई है और उसमें किसी भी क्षण विस्फोट हो सकता है । अग्नि शमन स्टाफ इस प्रकार की आग पर काबू पाने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित नहीं था । नजदीक ही पड़े मोबिल ऑयल ड्रमों में भी आग लग गई तथा उनमें एक-एक करके विस्फोट होने लगे । स्थिति को भांपते हुए, श्री त्रिपाठी ने उपलब्ध पुलिस वालों को आस-पास के निवासियों को तुरंत वह जगह खाली करने की सूचना देने को कहा । श्री त्रिपाठी ने यह निर्णय लिया कि अगर जलते हुए टैंकर को डिपो क्षेत्र से बाहर निकाल दिया जाता है तो भूमिगत टैंकरों में विस्फोट होने से बचाना संभव होगा । इस समय तक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिक भी एक ट्रक में वहां पहुंच गए । यह निर्णय लिया गया कि इस ट्रक का उपयोग जलते हुए टैंकर को घसीट कर डिपो क्षेत्र से बाहर खिंचकर लाने के लिए किया जाए । श्री त्रिपाठी अपनी जान को खतरे की परवाह न करते हुए जलते टैंकर के पास गए तथा यह सोचने लगे कि किस तरह से इसे बाहर खींचा जाए । चूंकि वाहन गियर में था, श्री त्रिपाठी ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान से लांग कोट मांगा और ड्राईवर के केबिन में बैठ गए और गियर को न्यूट्रल में डाला ताकि जलते हुए टैंकर को खिंचकर बाहर लाया जा सके । श्री त्रिपाठी और कुछ पुलिस वालों को खतरनाक क्षेत्र में प्रवेश करते देख, पुलिस तथा सी० आर० पी० एफ० के अन्य जवान सहायता के लिए आगे बढ़े ।

जब उपर्युक्त घटनाक्रम चल रहा था, तब यह बताया गया कि डिपो क्षेत्र को भूमिगत पेट्रोल टैंक के उत्तरी दफ्तर को जोड़ने वाली पकड़ी की सीढ़ी में आग लगी है । श्री त्रिपाठी दो पुलिस वालों के साथ तुरंत इस डिपो के पिछवाड़े की तरफ गए, अपने कार्मिकों के साथ दीवार पर चढ़े और उन सीढ़ी को वहां से हटा दिया ।

जलते हुए टैंकर को बाहर निकालते समय यह देखा गया कि भूमिगत टैंकों के ओवर ग्राऊंड वाल्वों ने आग पकड़ ली है । श्री त्रिपाठी ने आग बुझाने की कार्यवाही को देखने वाले युवकों को सहायतार्थ प्रेरित किया । इस पर नागरिकों, सी० आर० पी० एफ० एवं पुलिस कार्मिकों सहित लगभग 150 व्यक्तियों ने नजदीक के निर्माणस्थल से बालू ला-लाकर आग पर काबू पा लिया । सी० आर० पी० एफ०/पुलिस कार्मिक टैंकर को डिपो क्षेत्र से बाहर लाने में सफल हो गए ।

इस कार्रवाई में श्री एस० एस० त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 1-1-1994 से दिया जाएगा ।

एस० के० शरीफ,
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 44-प्रेज०/98—राष्ट्रपति, नागालैण्ड सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

(दिवंगत) श्री एम० बी० प्रधान, हैड कांस्टेबल
विशेष शाखा, कोहिमा ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

21-3-1997 को जब हवलदार, एम० बी० प्रधान डी० आई० जी० (सी० आई० डी०) के कार्यालय में रोकड़ कक्ष की सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे, तब लगभग 4.45 बजे अपराह्न दो अज्ञात बदमाश वहां पर आए । बदमाश डी० आई० जी० (सी० आई० डी०) के कार्यालय कक्ष में घुस गए, जहां श्री के० के० बानिक, कार्यालय अधीक्षक फोन

करने गए हुए थे । कमरे में घुसने के बाद, उनमें से एक ने उन पर रिवाल्वर तानते हुए श्री बानिक को नीचे बैठने के लिए कहा। हवलदार प्रधान भी कक्ष में गए और अपनी रिवाल्वर निकाली और बदमाश को नियंत्रित करने का प्रयास किया। बदमाश जिसके पास रिवाल्वर थी, को नियंत्रित करने का अन्य कोई विकल्प न पाकर श्री प्रधान ने अपनी रिवाल्वर से गोली चलाई और उसे मार डाला। इसी बीच, दूसरे बदमाश ने, जिसके पास भी रिवाल्वर थी, हवलदार प्रधान पर गोली चलाई और उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया और भाग गया। दोनों घायल व्यक्तियों को तुरन्त अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृत अपराधी, जिसकी पहचान बाद में एन० एस० सी० एन० (के) के चंपेन थुग लोथा के रूप में की गई, के पास से 6 कारतूसों सहित .38 बोर की एक देशी रिवाल्वर बरामद की गई।

इस मुठभेड़ में (विवंगत) श्री एम० वी० प्रधान, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार विशेष भत्ता भी दिनांक 21-3-97 से दिया जाएगा ।

ए० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 45-प्रेज/98—राष्ट्रपति, राजस्थान सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री पी० सी० न्यौला, पुलिस उपाधीक्षक, जिला धौलपुर ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

18-1-1997 को लगभग 2.30 बजे अपराह्न पुलिस उपाधीक्षक, श्री पी० सी० न्यौला को सूचना मिली कि डकैत गोपाल काची अपने साथियों के साथ ग्राम खान सूरजापुर आ रहा है । उन्होंने तुरंत पुलिस अधीक्षक, धौलपुर को कुमुक भेजने के अनुरोध सहित डकैत गिरोह की उपस्थिति के बारे में सूचित किया और साथ ही भरतपुर जिला पुलिस अधिकारियों को भी सूचना दे दी । श्री न्यौला, 2 हैड-कांस्टेबलों तथा 7 कांस्टेबलों के साथ इस गांव की तरफ रवाना हो गए। श्री न्यौला तथा उनकी पार्टी के सदस्यों ने गांव के बाहर एक गोदाम के समीप मोर्चा संभाल लिया । अपराह्न लगभग 7.30 बजे उन्होंने 5-6 व्यक्तियों को चांदनी रात में गांव की तरफ बढ़ते देखा। श्री न्यौला ने उन्हें अपनी पहचान बतलाने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने इसका उत्तर अंधाधुंध गोलीबारी से दिया। पुलिस ने भी गोलीबारी की। तब तक पुलिस अधीक्षक धौलपुर भी मौके पर पहुंच गए । इस बीच श्री न्यौला ने देखा कि इस गिरोह का एक सदस्य गोदाम के सामने अनुकूल पोजीशन की तरफ रेंग कर बढ़ रहा है। इस पर श्री न्यौला दौड़े और उस स्थान में पोजीशन ले ली तथा डकैतों को इस सुविधाजनक पोजीशन पर कब्जा जमाने से रोकने के लिए वहां से गोलीबारी शुरू कर दी। उसके बाद उनके पास दो कांस्टेबल भी आ गए। डकैतों ने पुलिस दल पर दूसरी बार गोलियों की बौछार की । तब श्री न्यौला बाहर आ गए तथा उन पर आगे से हमला बोल दिया । उसके बाद पुलिस दल ने अपना अंतिम हमला बोल दिया । लगभग एक घंटे तक दोनों तरफ से गोलीबारी होती रही । उसके बाद डकैतों की तरफ से गोलीबारी बंद हो गई। तलाशी लेने पर 3 डकैतों के शव बरामद हुए, जो की बाद में सरगना गोपाल काची (जो अपहरण, डकैती, लूटपाट, धन ऐंठने तथा हत्या के अनेक मामलों में संलिप्त था) उसका भाई, विजेन्द्र काची तथा शिवसिंह जाटव के रूप में पहचान की गई। तथापि, गिरोह के अन्य सदस्य सरसों के खेत से होकर भाग निकले। तलाशी के दौरान मृत डकैतों के पास से 151 जिंदा कारतूसों समेत एक 9 एम० एम० कारबाईन, 17 कारतूसों सहित .315 बोर की एक राइफल, 21 कारतूसों सहित 12 बोर की दो बंदूकें व 3 एच-ई-36 हथगोले बरामद हुए ।

इस मुठभेड़ में श्री पी० सी० न्यौला, पुलिस उपाधीक्षक, जिला धौलपुर ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18-1-97 से दिया जाएगा।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 46-प्रेज/98—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश सरकार के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री शैलेन्द्र सागर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ ।

श्री लालता प्रसाद त्रिपाठी, उप निरीक्षक, आजमगढ़ ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

4-4-1990 को लगभग 2210 बजे, श्री लालता प्रसाद त्रिपाठी को एक मुखबिर ने सूचित किया कि अवैध हथियारों से लैस 6-7 डकैतों का एक गिरोह आजमगढ़ शहर के मुसेपुर क्षेत्र के डा० राजदेव राम के घर में डकैती डालने की योजना बना रहा

है। उस सूचना के मिलने के तुरंत बाद, श्री त्रिपाठी उपलब्ध पुलिस कार्मिकों के साथ डा० राम के घर की तरफ चल पड़े, तब तक डकैतों ने घर के अन्दर पहले से ही मोर्चा संभाल लिया था और घर के पश्चिमी ओर के एक कमरे से पुलिस दल पर गोलीबारी की। श्री त्रिपाठी ने तुरंत अति सतर्कता के साथ अपने कार्मिकों को मोर्चा संभालने के लिए कहा और डकैतों को आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा।

घर के बाहर पुलिस कार्मिकों की उपस्थिति भांप कर, डकैतों ने अपना मोर्चा बदल कर घर के उत्तर की तरफ कर लिया और खुले में पुलिस दल पर गोलीबारी करने लगे। इस बीच, श्री त्रिपाठी और उनका दल अपनी जान को जोखिम में डाल कर सावधानी के साथ आगे बढ़ा और उस घर के पश्चिमी तरफ के कमरे में घुस कर मोर्चा संभाल लिया तथा आत्मरक्षार्थ डकैतों पर गोलीबारी करने लगे तथा अपने दल को भी गोलीबारी करने का आदेश दिया। श्री त्रिपाठी ने यह देखते हुए कि स्थिति उनके नियंत्रण के बाहर है कुमुक की मांग की। सूचना प्राप्त होते ही श्री शैलेन्द्र सागर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, तुरन्त घटनास्थल के लिए रवाना हो गए तथा इसी दौरान श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव, सी० ओ० सिटी, आजमगढ़ भी घटनास्थल पर पहुंच गए। घर के अन्दर दोनों ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही थी तथा घर में प्रवेश करने पर कुमुक के जीवन को गंभीर खतरा बना हुआ था। जहां पुलिस दल फंसा हुआ था उनके वहां तक पहुंचे बिना कोई कार्रवाई किया जाना संभव नहीं था। श्री सागर तथा श्री ए० के० श्रीवास्तव अपनी जान के खतरे की परवाह किए बिना पुलिस दल के समीप पहुंचने में सफल हो गए तथा स्थिति को अपने नियंत्रण में कर लिया। श्री शैलेन्द्र सिंह ने अपना परिचय देते हुए डाकुओं को आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा लेकिन इसके प्रतिउत्तर में डाकुओं ने कमरे के दरवाजों के पीछे से पुलिस पार्टी पर भारी गोलाबारी शुरू कर दी। एक तरफ घनी आबादी का इलाका, होने तथा दूसरी ओर रेलवे प्लेटफार्म पर यात्रियों की वजह से स्थिति और नाजुक बन गयी क्योंकि जल्दबाजी में की गई किसी भी कार्रवाई से बहुत सी जानें जा सकती थीं तथा यह भी पता नहीं था कि डा० राम के परिवार के सदस्य घर के अन्दर ही है अथवा नहीं। श्री शैलेन्द्र सागर तथा उनकी पार्टी एक ऐसी छोटी सी जगह में फंसी हुई थी जहां डाकुओं की फायरिंग सीधे उन पर हो सकती थी जो घर के अन्दर सुरक्षित स्थान पर थे। इससे पुलिस पार्टी विचलित नहीं हुई तथा श्री शैलेन्द्र सागर ने अपनी पार्टी को डाकुओं पर गोलाबारी करने का आदेश दिया। डकैतों ने जब स्वयं को चारों ओर से घिरे हुए देखा, तो उन्होंने भीषण गोलीबारी की आड़ में घर के आंगन की सीढ़ियों से चढ़कर भाग निकलने का निर्णय लिया। श्री शैलेन्द्र सागर, श्री अशोक कुमार और श्री त्रिपाठी ने भागते हुए डकैतों पर बिजली की गति से गोलियां चलाईं और अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया क्योंकि उनमें से दो डाकू मारे गए जबकि अन्य अंधेरे का लाभ उठाकर बच कर भाग निकलने में सफल हो गए। मृत दो डाकुओं में से एक की पहचान सूची-बद्ध गिरोह के खूंखार सरगना अशोक सिंह के रूप में की गई जिसकी अनेकों अघम्य अपराधों में तलाश थी तथा दूसरे की पहचान रविन्द्र सिंह के रूप में हुई। मृतकों से 4,111/- रुपये नकद समेत लूटी गई सम्पत्ति, एक लम्बी बैरल, .303 बोर की स्वदेशी पिस्तौल और उसके कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री शैलेन्द्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और श्री लालता प्रसाद त्रिपाठी, उप-निरीक्षक, आजमगढ़, ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 4-4-90 से दिया जाएगा।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 47-पेज/98--राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश सरकार के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :--

अधिकारियों के नाम और पद

श्री अशोक कुमार सिंह भदोरिया, कांस्टेबल, 45 वीं बटालियन, पी० ए० सी०।

श्री शिव कुमार, कांस्टेबल, 45वीं बटालियन, पी० ए० सी०।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

26-2-96 को कोकराझाड़ (असम) के बांगतोल और शान्तिपुर क्षेत्रों में तलाशी आपरेशन चलाने हेतु पी० ए० सी० की 45 वीं बटालियन को तैनात किया गया। चार ग्रुपों में विभाजित आपरेशन पार्टी, जिसके प्रत्येक ग्रुप का नेतृत्व एक अधिकारी कर रहा था, अपने-अपने लक्ष्य के लिए रवाना हो गई। करीब 12.30 बजे जब सी० सी० हुकम सिंह के नेतृत्वाधीन पार्टी पी० ए० सी० के ट्रक में सवार होकर भुरथीनाली पर एक पुल पार कर रही थी तो कुछ बोड़ो उग्रवादियों ने उस पर घात लगा कर हमला किया और ट्रक को विस्फोट से उड़ा दिया। परिणामस्वरूप सी०सी० हुकम सिंह और सात अन्य घटनास्थल पर ही मारे गए। कांस्टेबल एस०डी० पाठक घायल हो गए जबकि कांस्टेबल (ड्राइवर) एन० एस० यादव घटनास्थल से बचकर भाग निकलने में सफल हो गए, परन्तु बाद में उनका शव बरामद किया गया। कांस्टेबल ए० के० सिंह और शिव कुमार किसी तरह से बचकर भाग निकले और उन्होंने जवाबी कार्रवाई की। बोड़ो उग्रवादियों की ओर से स्वचालित शस्त्रों से की जा रही अन्धाधुंध गोलीबारी के बावजूद इन दोनों कांस्टेबलों की प्रभावी गोली-बारी के

कारण उग्रवादी भागने को मजबूर हो गए। घटनास्थल से भारी मात्रा में गोला-बारूद सहित एक स्टेनगन, बरामद की गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार, गैर-कानूनी संगठन का एक स्वयं-भू डिप्टी-कमांडर-इन-चीफ घायल हो गया जिसकी घावों के कारण बाद में मृत्यु हो गई।

इस मुठभेड़ में श्री अशोक कुमार सिंह भदौरिया, कांस्टेबल और श्री शिव कुमार, कांस्टेबल, 45वीं बटालियन, पी०ए०सी० ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26-2-96 से दिया जाएगा।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 48-प्रेज/98:—राष्ट्रपति, पश्चिम बंगाल सरकार के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और पद

(मरणोपरान्त)।

श्री जे० एन० बिश्वास, सहायक उप निरीक्षक
थाना राजरहाट,
उत्तरी 24 परगना।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 11-3-1995 को दो कांस्टेबलों सहित सहायक उप-निरीक्षक जे० एन० बिश्वास, एक जीप में थाना राजरहाट के छूटो चांदपुर, बिशनुपुर, लाहाटी और शिब्रूरपुर इलाके में रात्रि गश्त पर थे तथा एक अन्य पुलिस पार्टी भी, एक उप निरीक्षक के नेतृत्व में, दो कांस्टेबलों सहित कुमार, भटिण्डा और राजरहाट इलाके में रात्रि गश्त ड्यूटी पर थी। श्री बिश्वास की पार्टी जिस समय लाहाटी क्षेत्र में गश्त लगा रही थी तो उसे करीब 0.45 बजे (12.3.1995) सूचना मिली कि लगभग 10 से 12 डाकुओं का गिरोह शोला-बाड़ी स्थित एक पैट्रोल पम्प में डाका डालने के बाद हरे रंग के एक टाटा मिनी ट्रक में भाग गया है। इसी बीच, उप निरीक्षक के नेतृत्व वाली पार्टी ने बड़ी तेज रफ्तार से लाहाटी जाते हुए एक टाटा ट्रक को देखा। उप निरीक्षक ने तुरन्त इसकी सूचना सहायक उप निरीक्षक बिश्वास को वायरलैस पर दी और उनसे उस ट्रक को रोकने को कहा। उन्होंने स्वयं उस ट्रक का पीछा किया। श्री बिश्वास ने उस वाहन को रोकने के उद्देश्य से एक लारी को सड़क पर खड़ा करके उसके सामने अपनी जीप खड़ी कर दी ताकि डाकू बच कर भाग न सकें। श्री बिश्वास ने सशस्त्र कांस्टेबलों को जीप के पीछे मोर्चा लेने को कहा और स्वयं सर्विस रिवाल्वर हाथ में लेकर जीप के बाईं ओर पोजीशन संभाल ली। करीब 01.10 बजे टाटा ट्रक बड़ी तेज गति से उधर आया तो अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना श्री बिश्वास ने उस वाहन को रोकने का प्रयास किया परन्तु ट्रक वहां नहीं रुका। एक डाकू ने श्री बिश्वास पर गोली चलाई और फिर यह ट्रक श्री बिश्वास से टकराता हुआ तेजी से निकला जिसके परिणामस्वरूप श्री बिश्वास खून से लथ-पथ होकर सड़क पर नीचे गिर गए। उसके बाद डाकुओं के इस ट्रक ने जीप पर बिजली के खम्बे से टक्कर मारी और फिर वहां से तेज गति से बच कर भाग निकले। श्री बिश्वास को शीघ्रता से अस्पताल पहुंचाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

इस मुठभेड़ में (दिवंगत) श्री जे० एन० बिश्वास, सहायक उप निरीक्षक थाना राजरहाट, उत्तरी 24-परगना ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11-3-1995 से दिया जाएगा।

एस० के० शरीफ,
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 49-प्रेज/98:—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री राम चन्द्र,
उप निरीक्षक,
130वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

श्री बीरबल सिंह, हैड कांस्टेबल, (मरणोपरान्त)
130वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

श्री आर० पल्लम, नायक
130वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

श्री आ० मुथू कुमार, कांस्टेबल, (मरणोपरान्त),
130वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

श्री सतीश कुमार, जल-वाहक,
130वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

6-8-1995 को लगभग 0040 बजे, अधुनातम हथियारों से लैस उग्रवादियों के एक ग्रुप ने कलाईगांव, दारांग जिला, में स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कैम्प पर हमला किया।

और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों को मारने और शस्त्र और गोलाबारूद लूटने की कोशिश की। वहां पर तीन कैम्प गार्ड थे, एक पश्चिम दिशा में सड़क की तरफ और अन्य दो गार्ड भवन के दूसरे क्षेत्र में गश्त पर थे। श्री के० मुथु कुमार, कांस्टेबल जो उत्तरी दिशा की तरफ गश्त लगा रहे थे, पर लगभग 50 गज दूर से एकदम से गोलियों की पहली बौछार हुई। उन्होंने अपनी एस० एल० आर० से तुरन्त जवाबी गोली बारी की। हालांकि, दाहिने हाथ पर गोली लगने से वे गम्भीर रूप से घायल हो गये थे, फिर भी उन्होंने चिल्लाकर अन्य लोगों को सावधान कर दिया और गोली-बारी भी जारी रखते हुए वे रेंगते हुए अपने प्लाटून कमाण्डर के कमरे की तरफ गये। गोलीबारी और चिल्लाने की आवाज सुनकर श्री बीरबल सिंह, हैड कांस्टेबल ने सभी गार्डों को सावधान किया और अपने हाथियारों से गोलीबारी का जवाब दिया तथा भवन की उत्तरी दिशा में उग्रवादियों को उलझाए रखा। जबरदस्त मुकाबले को देखते हुए आतंकवादियों ने तीन राकेट छोड़े जिन्होंने पहली दीवार को भेदा, दूसरा दूसरी दीवार से टकराया और इसके पीछे का हिस्सा श्री बीरबल सिंह के सिर को छूते हुए निकल गया। इस गम्भीर जख्म से अविचलित, श्री सिंह ने श्री आर० नल्लन, नायक को आदेश दिया कि वह एल० एम० जी० और एस० एल० आर० से गोलियां चलाकर भवन के दक्षिणी हिस्से को कवर करे। श्री सिंह ने श्री नल्लन को 2" मोर्टार का इस्तेमाल करने के लिये भी कहा। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए वे गार्ड कार्मिकों का मार्गदर्शन और कमान करते रहे लेकिन इस दौरान उन्हें एक गोली लगी और बाद में जख्मों के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया श्री आर० नल्लन ने मोर्टार लिया लेकिन बम कांटे में थे, जो भवन के एक किनारे पर था। कांटे और वहां तक जाने के रास्ते पर आतंकवादी खुली खिड़कियों और दरवाजों से भारी गोलीबारी कर रहे थे। श्री सतोष कुमार, जल-वाहक, अपनी जान को गम्भीर खतरे में डालकर, गोलीबारी के बीच रेंगते हुए कांटे की तरफ गये और बम निकाल लाये और उसे श्री नल्लन को दे दिया। श्री नल्लन एक खुली जगह पर गये और भवन के उस पार, उत्तरी दिशा की ओर बम फैंका, जहां से उग्र-वादियों द्वारा राकेट दागे जा रहे थे। सड़क की तरफ से श्री राम चन्द्र, उप-निरीक्षक, हमलावरों को दूर रखते रहे। श्री चन्द्र ने अपनी एस० एल० आर० निकाली और एक खिड़की से हमलावरों को प्रभावी ढंग से उलझाये रखा। उन्होंने कुमुक मगवाने के लिये अपने कम्पनी मुख्यालय को भी संदेश भेजा। इसी बीच, उन्हें भी आतंकवादी की गोली लगी, लेकिन वे अपने जवानों का मनोबल बढ़ाकर उनका उत्साह बढ़ाते रहे। 35 मिनट तक चले घमासान युद्ध के बाद, उग्रवादी अन्धेरे की आड़ में भाग गए।

इस मुठभेड़ में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 130वीं बटालियन के श्री राम चन्द्र, उप निरीक्षक (दिवंगत) श्री बीरबल सिंह, हैड कांस्टेबल, आर० नल्लन, नायक, (दिवंगत) श्री के० मुथु कुमार, कांस्टेबल और श्री सतोष कुमार, जल-वाहक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 6-8-95 से दिया जाएगा।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 50-प्रेज 98—राष्ट्रपति, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद	
श्री के० सी० राय,	(मरणोपरान्त)
नायक,	
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।	

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

10-9-1996 को सर्व/श्री के० सी० राय और एम० एस० कदम को असम में एक 400 किलोवाट सब-स्टेशन में 05.00 बजे से 13.00 बजे तक गश्त ड्यूटी पर तैनात किया गया था। लगभग 05.45 बजे, वे स्टेशन के अन्दर उग्रवादियों द्वारा लगायी गई घात के शिकार हुए। श्री कदम की पीठ पर कुछ गोलियां लगी लेकिन वे बच गए। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए श्री कदम ने उग्रवादियों पर गोलियां चलायी और एक उग्रवादी को गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया। श्री राय पर गोलियों की भारी बौछार हुई। एक गोली उनकी एस० एल० आर० के लकड़ी के कुन्दे के निचले हिस्से से पार हो गयी जिससे उनका घुटना जख्मी हो गया। श्री राय ने तुरन्त गोलियों का जवाब दिया। अचानक एक उग्रवादी बाहर आया और अपनी स्टेनगन से गोलियां चलाने लगा। अपनी जान की परवाह न करते हुए श्री राय तुरन्त उग्रवादी की तरफ बढ़े और उसे दबोच लिया। इस गुत्थमगुत्था में श्री राय उग्र-वादी की गर्दन गोली से जख्मी करने में कामयाब हो गए। इसी बीच दूसरे उग्रवादी ने श्री राय के सिर पर गोली चला दी। श्री राय और उग्रवादी दोनों ही जमीन पर गिर पड़े। श्री कदम ने अन्य उग्रवादियों को उलझाऐ रखा और उन्हें अपने छोटे से गश्ती दल पर हावी नहीं होने दिया। सर्वश्री राय और कदम के कड़े मुकाबले का सामना करने में असमर्थ उग्रवादी, श्री कदम द्वारा घायल किए गए उग्रवादी को घसीटते हुए घटनास्थल से भाग खड़े हुए। सर्व/श्री राय और कदम को तत्काल अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्होंने कर्तव्यवेदी पर अपने जीवन न्यौछावर कर दिए। घटनास्थल से एक स्टेनगन 9 एम० एम० राऊन्ड के 25 सक्रिय कारतूसों

के साथ भरी हुई दो मैगजीने, एक 8" कटार बरामद की गयी ।

इस मुठभेड़ में (दिवंगत) श्री के० सी० राय, नायक, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10-9-1996 से दिया जाएगा ।

एस० के० शरीफ,
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 51-प्रेज 98--राष्ट्रपति, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :--

अधिकारी का नाम और पद

श्री एम० एस० कदम,
नायक,
केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

10-9-1996 को सर्वश्री के० सी० राय और एम० एस० कदम को असम में एक 400 किलोवाट सब-स्टेशन में 05.00 बजे से 13.00 बजे तक गश्त ड्यूटी पर तैनात किया गया था । लगभग 05.45 बजे, वे स्टेशन के अन्दर उग्रवादियों द्वारा लगायी गयी घात के शिकार हुए। श्री कदम की पीठ पर कुछ गोलियां लगी लेकिन वे बच गए । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए श्री कदम ने उग्रवादियों पर गोलियां चलायी और एक उग्रवादी को गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया । श्री राय पर गोलियों की भारी बौछार हुई । एक गोली उनकी एस० एल० आर० के लकड़े के कुन्दे के निचले हिस्से से पार हो गयी जिससे उनका घुटना जख्मी हो गया । श्री राय ने तुरन्त गोलियों का जबाव दिया । अचानक एक उग्रवादी बाहर आया और अपनी स्टेनगन से गोलियां चलाने लगा । अपनी जान की परवाह न करते हुए श्री राय तुरन्त उग्रवादी की तरफ बढ़े और उसे दबोच लिया । इस गुत्थम-गुत्था में श्री राय उग्रवादी की गर्दन गोली से ज़ख्मी करने में कामयाब हो गए । इसी बीच दूसरे उग्रवादी ने श्री राय के सिर पर गोली चला दी । श्री राय और उग्रवादी दोनों ही जमीन पर गिर पड़े । श्री कदम ने अन्य उग्रवादियों को उलझाए रखा और उन्हें अपने छोटे से गश्ती दल पर हावी नहीं होने दिया । सर्वश्री राय और कदम के कड़े मुकाबले का सामना करने में असमर्थ उग्रवादी, श्री कदम द्वारा काबू किए गए उग्रवादी को घसीटते हुए घटनास्थल से भाग खड़े हुए । सर्वश्री राय और कदम को तत्काल अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्होंने कर्तव्यवेदी पर अपने जीवन न्यौछावर कर दिए । घटनास्थल से एक स्टेनगन, 9 एम० एम० राऊन्ड के 25 सक्रिय कारतूसों के साथ भरी हुई दो मैगजीने, एक 8" कटार बरामद की गयी ।

इसस मुठभेड़ में श्री एम० एस० कदम, नायक, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10-9-1996 से दिया जाएगा ।

एस० के० शरीफ,
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 52-प्रेज/98-राष्ट्रपति, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :--

अधिकारियों के नाम और पद :

श्री प्रमोद मजगान, (मरणोपरान्त)
उप-निरीक्षक,
19वीं बटालियन,
भारत तिब्बत सीमा पुलिस ।

श्री किशन राम, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
19वीं बटालियन,
भारत तिब्बत सीमा पुलिस ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

दिनांक 6-7-1996 को सूचना मिली कि हिजबुल मुजाहिद्दीन ग्रुप के कुछ कट्टर आतंकवादी थाना कोकरनाग के अन्तर्गत सरमी वाहिक में सक्रिय हैं । तदनुसार आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए एक आपरेशन चलाने की योजना बनाई गई । वहां पहुंचकर हमला करने वाली पार्टी ने उस क्षेत्र का खोजा लेकिन वहां आतंकवादियों की कोई गतिविधि हलचल नजर नहीं आयी । लौटते समय विशिष्ट सूचना मिली कि एच० यू० ए० (हरकत-उल-अंसार) के लस्कर-ए-तोईबा के लगभग पांच आतंकवादी गांव डांडीपुरा में घने जंगलों में वाहिकों/अस्थायी छप्पर में ठहरे हुए हैं जहां गुज्जर बकरवाल भी अपने पशु झुण्ड लेकर रह रहे हैं । पुलिस पार्टी ने इस खुले स्थान को घेर लिया । कुछ गुज्जरों ने वाहिकों में छिपे आतंकवादियों को सतर्क कर दिया । उन्होंने पुलिस पार्टी पर गोलियां चलाना शुरू किया और आंख बचाकर निकटस्थ घने जंगल में जा घुसे ।

पुलिस पार्टी ने स्वयं को तीन ग्रुपों में बांट कर भागते हुए आतंकवादियों का पीछा किया । श्री प्रमोद और किशन राम ने पोजीशन ली और दूसरों को कवरिंग फायर उपलब्ध करने का आदेश दिया । आतंकवादियों ने जब यह देखा कि पुलिस पार्टी ने उन्हें घेर लिया है तो उन्होंने अन्धाधुन्ध गोलियां चलानी शुरू कर दी जिसके जबाव में पुलिस पार्टी ने भी आत्म रक्षा में गोलियां चलायी । इस मुठभेड़ के दौरान आतंकवादियों ने हथगोले फेंके और अपने स्वचालित हथियारों से भारी गोलाबारी की । दुर्भाग्यवश, हथगोले की किरचें सर्वश्री सजवान और किशन राम के माथे पर लगी जो कवर से गोलियां चला रहे थे । इसके परिणामस्वरूप श्री किशन की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गयी और श्री सजवान अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही स्वर्ग सिधार गए ।

इस मुठभेड़ में (दिवंगत) श्री प्रमोद सजवान, उप-निरीक्षक और (दिवंगत) श्री किशन राम, कांस्टेबल, 19वीं बटालियन, भारत तिब्बत सीमा पुलिस ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 6-7-1996 से दिया जाएगा ।

एस० के० शरीफ,
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 53-प्रेज 98—राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री नैन सिंह,
नायब सूबेदार,
असम राइफल्स ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

दिनांक 10 अगस्त, 1996 को 0200 बजे श्री नैन सिंह गांव बुरापाश, उत्तरी श्रीनगर में मुठभेड़ और तलाशी आपरेशन पर जा रही एक प्लाटून का नेतृत्व कर रहे थे । लगभग 830 बजे जब प्लाटून ने मुख्य गांव की तलाशी लेनी शुरू की तो आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चलायी । श्री सिंह और उनकी पार्टी ने आतंकवादियों का पीछा किया, जो एक तीन मंजीले कंक्रीट के बने घर में घुस गये थे और गोलियां चला रहे थे । श्री सिंह ने स्थिति को भांप लिया और घर को प्रभावी ढंग से घेर लिया तथा जवाबी गोलाबारी करके उन्हें उलझाए रखा । उन्होंने कम्पनी कमाण्डर से कुमुक का भी अनुरोध किया । 11 अगस्त को लगभग 10.00 बजे श्री सिंह और स्थानीय ग्रामीणों ने आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने को कहा लेकिन आतंकवादियों ने उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया । ग्रामीणों ने उस घर को आग लगा दी । जब आग ऊपर की मंजिलों में फैलने लगी तो दो आतंकवादियों ने घर के पिछवाड़े वाली खिड़की से कूदकर बचकर भाग निकलने का प्रयास किया । श्री सिंह ने आतंकवादियों का पीछा किया और भागते हुए आतंकवादी को घटनास्थल पर ही मार गिराया । इस मुठभेड़ में, 4 पाकिस्तानी आतंकवादियों समेत 5 आतंकवादी मारे गये । निम्नलिखित शस्त्र और गोला-बारूद बरामद किये गये :— 4 ए० के० 56 राइफलें, मैगजीन के साथ एक 9 एम० एम० पिस्तौल, 16 ए० के० 56 मैगजीन, ए० के० 56 का 222 राऊण्ड गोलाबारूद, 4 राऊण्ड स्निपर/पी० आई० के० ए०, 2 गोलाबारूद पिस्तौल, 2 रेडियो सेट कैरियड, 2 इम्प्रोवाइज्ड डिवाईस सर्किट एवं कुछ डायरियां तथा दस्तावेज ।

इस मुठभेड़ में श्री नैन सिंह, नायब सूबेदार, असम राइफल्स ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए जा रहा है और फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10-8-1996 से दिया जाएगा ।

एस० के० शरीफ,
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 54-प्रेज/98—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री पी० एच० यादव, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल,
54वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

सीमा सुरक्षा बल के एक गश्ती दल ने 16-6-1996 को 08.20 बजे बटपुरा/खानपुरा से गुजरते हुए एक उग्रवादी को देखा जो उस पर ग्रेनेड फेंकने ही वाला था । इससे पहले कि वह उग्रवादी ग्रेनेड का पिन निकालता, कांस्टेबल परमहंस यादव उग्रवादी पर झपट पड़े और उसे पकड़ लिया जिससे उनके बीच हाथापाई होने लगी । पिन निकालने से पहले ही यादव ने उस उग्रवादी से ग्रेनेड झपट लिया । कांस्टेबल ए० के० यादव जो श्री पी० एच० यादव

के पीछे-पीछे था, अपने साथी के साथ हाथापाई की आवाज सुनकर, तुरन्त उसकी मदद के लिए दौड़ा । इसी बीच, अन्य विद्रोही भी सामने आ गए और मकानों और पहाड़ों की आड़ में उस लेन की दिशा में गोलियां चलानी शुरू कर दी जहां पर श्री पी० एच० यादव उग्रवादी के साथ भिड़ रहे थे । श्री ए० के० यादव ने तुरन्त मोर्चा सम्भाला और जवाबी गोलीबारी करने लगे । इस दौरान उस उग्रवादी को जो हथगोला फेंकने ही वाला था गोली लगी और वह मर गया । श्री पी० एच० यादव भी विद्रोही द्वारा चलायी गयी गोली से जख्मी हो गये और वे गिर पड़े तथा उनकी भी मृत्यु हो गयी । अतिरिक्त कुमुक के साथ सीमा सुरक्षा बल की गश्ती दल ने गांव में विद्रोहियों का पीछा किया और उनमें से चार को मार गिराया । तीन विद्रोहियों ने, यह देखने पर कि बचकर भागने का कोई रास्ता नहीं है, अपने हथियार डाल दिए और सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल के सामने आत्मसमर्पण कर दिया । कुछेक अन्य उग्रवादी, निर्मित क्षेत्र, घने पेड़-पौधों और पहाड़ियों तथा सहायक गोलीबारी की आड़ में बचकर भाग निकलने में सफल हो गए । मारे गए उग्रवादियों के शवों से निम्नलिखित शस्त्र और गोलाबारूद बरामद किया गया :—

(क)	स्नीफर राईफल जिस पर ए० बी० डी० सहित टेलि-स्कोप लगा हुआ था	1 नग विदेश निर्मित
(ख)	स्नीफर राईफल मेगजीन	1 नग
(ग)	स्नीफर राईफल गोला बारूद	6 राउन्ड
(घ)	ए० के० 56, श्रेणी की राईफलें	2 नग
(ङ)	मेगजीनें, ए० के० 56 राईफल	10 नग
(च)	ए० के० श्रेणी का गोला-बारूद	132 राउन्ड
(छ)	पिस्तोल मेगजीन	1 नग
(ज)	पिस्तोल गोलाबारूद	8 राउन्ड
(झ)	वायरलैस सेट (जापान निर्मित)	2 नग
(ञ)	ग्रेनेड	5 नग
(ट)	डिटोनेटर इलैक्ट्रिक	4 नग

बाद में सम्पूर्ण क्षेत्र की तलाशी करने पर, उन घरों से, जहां से उग्रवादियों ने गोलियां चलायी थीं,, ए० के० श्रेणी के गोलाबारूद/स्नीफर राईफल के 30 ई०० एफ० सी० बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में श्री पी० एच० यादव, कांस्टेबल, 54वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16-6-1996 से दिया जाएगा ।

एस० के० शरीफ,
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 55-प्रेस/98—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री लक्ष्मी नारायण, कांस्टेबल
छठी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

20 जनवरी, 1997 को, एक गश्ती दल को इस्माईल नामक खूंखार उग्रवादी, जो गांव नारूपुरा (जम्मू और काश्मीर) में अपनी प्रेमिका के पास जाया करता था, की गतिविधियों के बारे में सूचना प्राप्त हुई । जब यह दल उसकी प्रेमिका के घर पहुंचा तो इसने पड़ौस के घर में कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखी । इस दल ने उस घर को घेर लिया । जब तलाशी जारी थी तो श्री लक्ष्मी नारायण कांस्टेबल सीढ़ी के सहारे मकान की अटारी तक पहुंच गए । उग्रवादी जो लकड़ी के तख्ते के पीछे छपा हुआ था, ऊपर उठा और श्री नारायण पर गोली चला दी, और श्री नारायण बाएं हाथ और पेट के बांई ओर गोली लगने से जख्मी हो गए । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए ये अपने दाएं हाथ से उग्रवादी पर तब तक गोली-बारी करते रहे जब तक कि उग्रवादी गम्भीर रूप से घायल नहीं हो गया । उग्रवादी के गोली लगने के कारण वह अटारी से पहली मंजिल पर नीचे गिर गया । सीमा सुरक्षा बल के अन्य कार्मिकों ने भी खूंखार उग्रवादी पर गोलियां चलायी । गोली-बारी के दौरान, उग्रवादी की जेब में रखा हथगोला भी फट गया और घायल उग्रवादी घटना-स्थल पर ही मारा गया ।

घटनास्थल से एक ए० के०-56 राइफल, 3 मैगजीन, 62 चक्र गोलियां, 3 छोटी डायरियां, 03 आडियो कैसेट, कुछ क्षतिग्रस्त फोटोग्राफ और नेगेटिव बरामद हुए ।

इस मुठभेड़ में श्री लक्ष्मी नारायण कांस्टेबल, छठी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20-1-97 से दिया जाएगा ।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 56-प्रेज०/98—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री ए० के० यादव, कांस्टेबल,
54वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

सीमा सुरक्षा बल के एक गश्ती दल ने 16-6-96 को 08-20 बजे बटपुरा खानपुरा से गुजरते हुए उग्रवादी को देखा जो उस पर ग्रेनेड फेंकने ही वाला था। इससे पहले कि वह उग्रवादी ग्रेनेड का पिन निकालता कांस्टेबल परमहंस यादव उग्रवादी पर झपट पड़े और उसे पकड़ लिया जिससे उनके बीच हाथापाई होने लगी। पिन निकालने से पहले ही यादव ने उस उग्रवादी से ग्रेनेड झपट लिया। कांस्टेबल ए० के० यादव जो श्री पी० एच० यादव के पीछे-पीछे था, अपने साथी के साथ हाथापाई की आवाज सुनकर, तुरन्त उसकी मदद के लिए दौड़ा। इसी बीच, अन्य विद्रोही भी सामने आ गए और मकानों और पहाड़ों की आड़ में उस लेन की दिशा में गोलियां चलानी शुरू कर दीं जहां पर श्री पी० एच० यादव उग्रवादी के साथ भिड़ रहे थे। श्री ए० के० यादव ने तुरन्त मोर्चा सम्भाला और जबाबी गोलीबारी करने लगे। इस दौरान उस उग्रवादी को जो हथगोला फेंकने ही वाला था गोली लगी और वह मर गया। श्री पी० एच० यादव भी विद्रोही द्वारा चलाई गई गोली से जख्मी हो गए और वे गिर पड़े तथा उसकी भी मृत्यु हो गई। अतिरिक्त कुमुक के साथ सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल ने गांव में विद्रोहियों का पीछा किया और उनमें से चार को मार गिराया। तीन विद्रोहियों ने, यह देखने पर कि बचकर भागने का कोई रास्ता नहीं है, अपने हथियार डाल दिए और सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। कुछेक अन्य उग्रवादी, निर्मित क्षेत्र, घने पेड़-पौधों और पहाड़ियों तथा सहायक गोला-बारी की आड़ में बचकर भाग निकलने में सफल हो गए। मारे गए उग्रवादियों के शवों से निम्नलिखित शस्त्र और गोलाबारूद बरामद किया गया :—

क) स्नीफर राईफल जिस पर ए० बी० डी० सहित टेलिस्कोप लगा हुआ था	1 नग विदेश निर्मित
ख) स्नीफर राईफल मेगजीन	1 नग
ग) स्नीफर राईफल गोला बारूद	6 राउन्ड
घ) ए० के० 56, श्रेणी की राईफलें	2 नग
ङ) मेगजीन, ए० के० 56 राईफलें	10 नग
च) ए० के० श्रेणी का गोला-बारूद	132 राउन्ड
छ) पिस्तौल मेगनीज	1 नग
ज) पिस्तौल गोला-बारूद	8 राउन्ड
झ) वायरलैस सेट (जापान निर्मित)	2 नग
ञ) ग्रेनेड	5 नग
ट) डिटोनेटर इलैक्ट्रिकल	4 नग

बाद में सम्पूर्ण क्षेत्र की तलाशी करने पर, उन घरों से, जहां से उग्रवादियों ने गोलियां चलाई थीं, ए० के०, श्रेणी के गोला-बारूद स्नीफर राईफल के 30 ई० एफ० सी० बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री ए० के० यादव, कांस्टेबल, 54 वी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली, के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16-6-96 से दिया जाएगा।

एस० के० शरीफ,
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 57-प्रेज०/98—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री श्याम बिहारी सिंह, सूबेदार
162वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

श्री वी० के० आर्य, उप निरीक्षक,
162वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

श्री सुभाष चन्द्र कालाई, नायक,
162वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

श्री अशोक कुमार, कांस्टेबल
162वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

श्री सिक्न्दर सिंह, कांस्टेबल,
162वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

श्री राजवीर सिंह कांस्टेबल,
162वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

यह सूचना प्राप्त होने पर कि पहले हुई एक मुठभेड़ में जख्मी एक विद्रोही कुम्मारी गांव में छिपा हुआ है, उस क्षेत्र की तलाशी लेने के लिए 4-7-96 को एक टुकड़ी तैनात की गई। छिपने के स्थान के नजदीक पहुंचने पर श्री एस० बी० सिंह ने अपनी टुकड़ी को विभाजित किया एक स्काउट पार्टी की आड़ में आगे बढ़ने और उस गुफा, जहां उग्रवादी छिपे हुए थे, का पता लगाने के लिए भेजा। स्काउट, उस संतरी की गतिविधियों को सावधानीपूर्वक देखता रहा जिससे यह

संकेत मिला कि गुफा नजदीक ही है, स्काउट से सूचना प्राप्त होने पर, सर्वश्री एस० बी० सिंह और वी० के० आर्य ने मुख्य पार्टी को यह सुनिश्चित करते हुए फैला दिया कि गुफा कवर हो जाए। जब यह पार्टी आगे बढ़ रही थी तो संतरी ने इसे देख लिया और उस पर गोलियां चलायी । श्री एस० बी० सिंह, आड़ में सावधानीपूर्वक आगे बढ़े और अपनी एल० एम० जी० का निशाना गुफा की तरफ साध दिया । उन्होंने कांस्टेबल राजबीर सिंह को एम० एम० जी० पर रखा और उसे गुफा के अन्दर एक साथ एक राउन्ड गोली चलाने और अपना मोर्चा न छोड़ने के लिए कहा । उसके बाद उन्होंने एल० एम० जी० वाले दो कांस्टेबलों, सिकन्दर सिंह और अशोक कुमार को पूर्वी और पश्चिमी दिशा पर तैनात कर दिया ताकि गुफा से कोई भाग न सके । उन्होंने श्री आर्य और नायक एस० सी० कालाई को गुफा में ग्रेनेड फेंकने के निदेश दिया। सीमा सुरक्षा बल पार्टी द्वारा फेंके गए ग्रेनेड गुफा के मुंह पर फटे । उग्रवादियों ने सीमा सुरक्षा बल टुकड़ी पर ग्रेनेड फेंक कर जवाबी कार्रवाई की और गोलियां चलायीं । 4 तारीख की पूरी रात को श्री राजबीर सिंह अपनी एम० एम० जी० से गुफा के मुंह पर रुक-कर एक साथ एक राउन्ड गोली चलाते रहे। अकेले उनकी इस कार्रवाई से विद्रोही अन्धेरे की आड़ में गुफा से भाग नहीं सके । 5 जुलाई, 1996 की सुबह होते ही सहायक कमांडेंट राजेश कुमार के साथ वहाँ पहुंच गए । तब सर्वश्री आर्य और एस० सी० कलाई आगे बढ़े और उन्होंने गुफा के अन्दर ग्रेनेड और स्मोक केन्डल फेंके । ग्रेनेड के फटने और स्मोक केन्डल दागने के बाद गुफा के अन्दर भी आवाज नहीं आई। उसके बाद सीमा सुरक्षा बल पार्टी ने चिल्लाकर विद्रोहियों को बाहर आने के लिए कहा । तब विद्रोहियों ने कहा कि वे अपने हाथ ऊपर उठाकर आ रहे हैं । तथापि 3 उग्रवादी छिप से गोलीबारी करते हुए गुफा से दौड़ते हुए बाहर आए। तथापि, सीमा सुरक्षा बल पार्टी सतर्क थी और श्री राजबीर सिंह जो अभी भी मोर्चा सम्भाले हुए था, द्वारा अपनी एम० एम० जी० और सर्वश्री सिकन्दर सिंह और अशोक कुमार द्वारा एल० एम० जी० से की गयी गोलियों की बौछार से सभी उग्रवादी मारे गए। मुठभेड़ के स्थान से 6 शव और 4 ए० के० श्रेणी की राईफलें, एक एस० एस० जी० राईफल, 1 .303 राईफल, 2 पिस्तौल, एक वायरलेस सेट, 169 राउन्ड ए० के० गोला-बारूद, 29 राउन्ड एस० एस० जी० गोला बारूद, 16 राउन्ड पिस्तौल गोला-बारूद, 3 राउन्ड .303 गोला बारूद 9 राउन्ड हथगोले, 10 ए० के० मेगनीज, 1 एस० एस० जी० मैगजीन, 4 पिस्तौल मेगजीन, एक .303 मेगजीन और 3,300 रु० की भारतीय मुद्रा, 2 कलाई घड़ियां और दो पर्स बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री श्याम बिहारी सिंह, सूबेदार वी० के० आर्य, उप निरीक्षक, सुभाष चन्द्र कालाई," नायक अशोक कुमार, कांस्टेबल, सिन्दर सिंह, कांस्टेबल, और श्री राजबीर सिंह, कांस्टेबल 162 वी कटालियन, सीमा सुरक्षा बल ने अदम्य वीरता साहस एवं उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली, के नियम 4 (1) अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 4-7-1996 से दिया जाएगा ।

एस० के० शरीफ,
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 58-प्रेज/98--राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :-

अधिकारी का नाम और पद

श्री राजेन्द्र सिंह,
उप कमांडेंट,
50वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

24 दिसम्बर, 1995 को करीब 11.00 बजे सूचना मिली कि गांव बिदर में हिजबुल मुजाहिद्दीन के कुछ उग्रवादी मौजूद हैं । परन्तु घेरा डालने और तलाशी लेने के लिए एक आपरेशन की योजना बना कर उसे शुरू किया गया । श्री राजेन्द्र सिंह, उप कमांडेंट अपनी कम्पनी सहित उस गांव की ओर चल पड़े । श्री सिंह ने अपने दल को तीन ग्रुपों में विभाजित किया । तलाशी लेने वाली पार्टियों ने एक-एक करके घरों की तलाशी लेना शुरू कर दिया । जिस समय वे ऐसा कर रहे थे, तो छोड़ दिए गए खाली घरों में छिपे हुए विद्रोहियों ने तलाशी लेने वाली पार्टी पर गोलियां चलानी शुरू कर दी । श्री राजेन्द्र सिंह और उनकी पार्टी ने तुरन्त कवर ले ली और उस खाली छोड़ दिए गए मकान की पहचान कर ली जहां उग्रवादी छिपे हुए थे । उग्रवादियों और पुलिस के बीच लगभग साढ़े तीन घंटे तक गोलीबारी होती रही । श्री सिंह तुरन्त अपनी पार्टी को अलग-अलग ग्रुपों में विभाजित करके एक का नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया तथा दूसरे ग्रुप का नेतृत्व श्री राज सिंह और श्री एम० सी० त्रिपाठी, हेड कान्स्टेबलों ने किया। श्री राज सिंह के नेतृत्वाधीन पार्टी ने लक्षित घर की एक ओर मोर्चा लिया जबकि त्रिपाठी की कमानाधीन दूसरी पार्टी को इस घर को दूसरी ओर से कवर करने के लिए दूसरी दिशा में भेजा गया । श्री राजेन्द्र के पास श्री राज सिंह और त्रिपाठी के नेतृत्व में दो ग्रुपों के पास एल० एम० जी० उपलब्ध थी, उन्हें घर के दोनों ओर तैनात कर दिया गया घर के भीतर छिपे विद्रोहियों ने जब यह देखा कि वे घिर चुके हैं और उन पर गोलीबारी जारी है तो उन्होंने उस समय एकदम घर से बाहर निकलने की कोशिश की जब श्री राजेन्द्र

सिंह इस घर में घुस रहे थे। हिजबुल मुजाहिद्दीन के उग्रवादी फयाज याखानी द्वारा चलाई गई गोलियों से श्री सिंह बचने में सफल हो गए। श्री सिंह की जवाबी गोलीबारी से फयाज याखानी मारा गया। इस बीच, श्री सिंह और श्री त्रिपाठी द्वारा की गई फायर से मौहम्मद सफी लोने और निसार पद्दार तथा एच० एम० गुट के अन्य दो उग्रवादी, जो उस घर से बच कर भाग निकलने का प्रयास कर रहे थे, मारे गए। घटनास्थल से 2–ए० के०–56 राइफलें, ए० के० राइफल की 4 मैगजीनें, ए० के० श्रेणी के 24 सक्रिय राउण्ड तथा एक हथगोला बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में श्री राजेन्द्र सिंह, उप-कमांडेंट, 50वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल, ने अवश्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.12.95 से दिया जाएगा।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 59–प्रेज/98––राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :––

अधिकारियों के नाम और पद

श्री एस० पी० सिंह,
उप–कमांडेंट,
86वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री बी० एस० दहिया,
निरीक्षक,
86वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री ए० एस० रावत,
निरीक्षक (जी),
जे० ए० डी० (जी) टीम मैंगम (एस० जी० आर०)।

श्री सागर तमांग,
कांस्टेबल,
86 वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

18 मार्च, 1996 को खन्नियार (जम्मू व कश्मीर) में तैनात सीमा सुरक्षा बल की 86वीं बटालियन को हिजबुल मुजाहिद्दीन के विद्रोही अब्दुल रशीद, कोड पिरना, के बारे में सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना के प्राप्त होने पर श्री शैतान सिंह, सहायक कमांडेंट, की कमान में एक टुकड़ी उस घर की ओर गई जिसमें अब्दुल रशीद छिपा हुआ बताया गया था, और घर को घेरकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर अब्दुल रशीद ने बताया कि एच० एम० का एक विद्रोही नजीर अहमद जारू नौहाटा में एक घर में छिपा है। इस पर, ओ० पी० हूडा, उप-कमांडेंट के नेतृत्व में एक पार्टी और एक टुकड़ी ने उस घर पर धावा बोला और नजीर अहमद जारू को गिरफ्तार कर लिया और ए०-के०-47 की एक मगजीन और चार अनप्रयुक्त राउण्ड बरामद किए। आगे और पूछताछ करने पर, अब्दुल रशीद ने बताया कि उस घर, जहां से नजीर अहमद जारू को गिरफ्तार किया गया है, का प्रयोग दिलावर नामक एक हिजबुल मुजाहिद्दीन के सैक्शन कमांडर द्वारा बुधवार को साप्ताहिक बैठकें करने के लिए किया जाता है। सीमा सुरक्षा बल की 86वीं बटालियन कमांडेंट ने एक आपरेशन प्लान तैयार किया और एस०पी० सिंह, उप–कमांडेंट सहित 3 एस०ओ० और 20 अन्य रैंकों को, एच० एम० के सदस्यों के एकत्र हो जाने के बाद घेरा डालने के लिए तैनात किया। इससे पहले कि घेरा डाला जाता, भीतर छिपे विद्रोहियों ने सीमा सुरक्षा बल की पार्टी पर चारों ओर से गोली-बारी शुरू कर दी।

2. श्री एस० पी० सिंह साथ वाले खाली छोड़ दिए गए घर में घुसने में सफल हो गए और घेरा पार्टी ने लक्षित घर (तीन मंजिला) के दोनों ओर पोजिशन संभाल ली। श्री सिंह ने अपने ग्रुप को आगे और तीन पार्टियों में विभाजित किया और उन्हें घर की प्रत्येक ओर तैनात कर दिया। उन्होंने खिड़कियों से गोलियां चलानी जारी रखीं और उग्रवादियों पर काबू पा लिया। निरीक्षक इन्दर सिंह, उप–निरीक्षक पी० बी० ध्यानी, हैड-कांस्टेबल हनुमान सिंह, कांस्टेबल यशपाल और नरेश कुमार सहित स्वयं श्री सिंह खाली पड़े घर की खिड़कियों से कूद कर लक्षित घर में घुस पड़े। घर में घुसने के उपरान्त श्री सिंह ने हथगोले फेंक-फेंक कर कमरों को उग्रवादियों से मुक्त कराना शुरू कर दिया और इस प्रकार भूतल को उग्रवादियों से मुक्त कराने में सफल हो गए। उग्रवादी प्रथम और दूसरी मंजिल पर मौजूद थे और उन्होंने घर के बाहर पुलिस के घेरे पर गोलियां चलानी जारी रखीं। एक बार पहली मंजिल खाली हो जाने पर श्री सिंह ने अपने दो कार्मिकों को इस प्रकार से पोजीशन किया जिससे वे उन्हें कवरिंग फायर प्रदान कर सकें और इस प्रकार प्रदान की गई कवरिंग फायर के बीच श्री सिंह निरीक्षक ए० एस० रावत और कांस्टेबल सागर तमांग सहित सीढ़ियों में घुसने में सफल हो गए। कवरिंग फायर के कारण पहली मंजिल पर छिपा उग्रवादी वहां से हट नहीं सका और उसे मार डाला गया। पहली मंजिल साफ हो जाने के बाद, दूसरी पार्टी जिसमें निरीक्षक बी० एस० दहिया, निरीक्षक बी० एस० रावत, निरीक्षक राजेश कुमार, लांस नायक सुरेन्दर सिंह, कांस्टेबल,

राज कपूर और कांस्टेबल सागर तमांग, कवरिंग फायर की आड़ में दूसरी मंजिल तक गोलियां चलाते गए और उस विद्रोही को मार डालने में सफल हो गए जोअ भी भी दूसरी मंजिल से गोलीबारी कर रहा था ।

3. मृत उग्रवादियों की पहचान नज़ीर अहमद और सज्जाद अहमद, दोनों हिज़बुल मुजाहिद्दीन के विद्रोहियों, के रूप में की गई । उनसे दो ए० के०–56 राइफलें, 2–ए० के० मैगजीनें, ए० के० श्रेणी की 20 राउण्ड गोलियां, 9 मि० मी० की एक पिस्तौल, पिस्तौल की एक मैगजीन, पिस्तौल के 6 राउण्ड डौर ए० के०–56 राइफल के ई० एफ० सी० के 19 राउण्ड बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में श्री एस० पी० सिंह, उप–कमांडेंट, श्री बी० एस० दहिया, निरीक्षक, श्री ए० एस० रावत, निरीक्षक (जी) और श्री सागर तमांग, कांस्टेबल, 86वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ने अदम्य वीरता, साहू एवं उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18–3–96 से दिया जाएगा ।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 60–प्रेज/98—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री सी० पी० घिल्डियाल,
कमांडेंट (एस० जी०)
84 वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री सी० के० सिंह,
उप-निरीक्षक (जी०)
84 वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

श्री बदन सिंह,
कांस्टेबल,
84 वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

श्री नगर की उमर कालोनी के बुदशाह मोहल्ला के एक विशिष्ट मकान में कुछ उग्रवादियों के मौजूद होने के बारे में 19.5.1996 को सूचना मिलने पर, श्री सी० पी० घिल्डियाल, कमांडेंट, 84 वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल और श्री राजिन्दर मनी, ए० डी० (जी०) उस इलाके के लिए रवाना हुए । वहां पहुंचने पर श्री घिल्डियाल ने श्री वी० रामकृष्णन, 21 सी०, श्री एस० के० बरूआ० डी० सी० और श्री पी० जे० राव, कमांडेंट, 12 वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल के साथ मिल कर इस इलाके का घेरा डालने की योजना बनाई । घेरा डाल लेने के बाद, संदिग्ध घर के सदस्यों को घर से बाहर आने के लिए कहा गया । एक व्यक्ति जो बाहर आया पाकिस्तानी नागरिक निकला जिसने बताया कि हरकत–उल–अंसार के चार और विद्रोही शस्त्रों से लैस होकर घर के अन्दर छिपे हुए हैं । श्री घिल्डियाल ने कवरिंग फायर की आड़ में एक पार्टी को भूतल पर कब्जा करने के उद्देश्य से अन्दर भेजा । इस पार्टी ने भूतल में घुसने में सफलता पा ली और कुछ शस्त्र बरामद किए । तब तक अंधेरा होने जा रहा था और यह निर्णय लिया गया कि रात भर के लिए भर को घेर कर रखा जाए तथा पहली किरण फूटने भर ही आपरेशन पुनः शुरू किया जाए । श्री घिल्डियाल और पी० जे० राव के पर्यवेक्षण में भवन के चारों ओर शस्त्रों को तैनात कर दिया गया ।

2. अगले दिन प्रातः लाउडहेलर की मदद से उग्रवादियों को आत्म समर्पण करने के लिए कहा गया। इस घोषणा का जवाब गोली-बारी करके दिया गया तथा दो ग्रेनेड, भूतल पर फेंके गए। उप निरीक्षक (जी०) सी० के० सिंह और कांस्टेबल बदन सिंह, जो सीढ़ियों के पास मोर्चा लिए हुए थे, भाग्यवश घायल होने से बच गए । उन्होंने हथगोले और स्टीक गोली-बारी करके जवाबी कार्रवाई की और विद्राही को घायल करने में सफल हो गए। तथापि, ग्रेनेड के विस्फोट से भूतल पर आग लग गई वहां तैनात कमांडो प्लाटून को वहां से हटना पड़ा। इस मौके पर श्री डी० के० त्रिपाठी, जे० ए० डी (जी) के नेतृत्वाधीन आर० पी० जी० के एक दल को बुलाया गया और उस दल ने दूसरी मंजिल पर कई राकेट फेंके, जिसके परिणामस्वरूप मकान की छत गिर पड़ी। इस बीच उग्रवादी पहली मंजिल पर पहुंच गए और उन्होंने अब सभी खिड़कियों से गोली-बारी करनी शुरू कर दी । वहां पर तैनात अग्नि शमन की गाड़ी को प्रथम और दूसरे तल की आग बुझाने के लिए प्रयोग किया गया। श्री सी० के० सिंह, जो कमांडो प्लाटून का नेतृत्व कर रहे थे, ने कवरिंग फायर की आड़ में पुनः भूतल में घुसने में सफलता पा ली । उन्होंने वहां से उग्रवादियों के दो शव बरामद किए जो भूतल पर आ गिरे थे। तथापि, अन्य विद्रोहियों ने स्टोर रूम में शरण ले ली थी और वह लगातार गोलियां चला रहे थे। स्थिति का मुआयना करने के बाद श्री घिल्डियाल ने पुनः आर० पी०

जी० का प्रयोग करने का फैसला किया। श्री त्रिपाठी ने दोबारा से स्टोर रूम में राकेट दागे और उसमें एक छिद्र करने में सफलता पाई। श्री सिंह, कांस्टेबल बदन सिंह के साथ अपनी टुकड़ी द्वारा प्रदान की गई कवरिंग फायर की आड़ में उस स्टोर रूम की दीवार में किए गए छिद्र तक पहुंच गए और अन्दर दो ग्रनेड फैंके। ग्रेनेड फटने के बाद उग्रवादियों की गोलियां चलनी बंद हो गई। सर्वश्री सी० के० सिंह, और बदन सिंह स्टोर रूम को तोड़ कर अन्दर घुसे तथा एक और ग्रेनेड फैंका और शेष दो उग्रवादियों को मारने में भी सफलता पा ली।

3. इस मुठभेड़ में चार विद्रोही मारे गए और एक को जीवित पकड़ लिया गया। इस सपूर्ण आपरेशन में, 7.62 मि०मी० की एक एस० एल० आर० राइफल, चार राइफलें ए० के०–47/56, 7.62 मि० मी० राईफल की एक मैगजीन ए० के०–47/56 राईफल की 10 मैगजीनें, 7.62 मि० मी० बी० डी० आर० के 19 सक्रिय राउण्ड, ए० के० श्रेणी के 230 सक्रिय राउण्ड, और 3 हथगोले, मुठभेड़ के दौरान बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री सी० पी० चिल्डियाल, कमांडेंट (एस० जी०), श्री सी० के० सिंह, उप-निरीक्षक (जी०) और बदन सिंह, कांस्टेबल, 84वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19–5–96 से दिया जाएगा।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं० 61–प्रेज/98—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

(दिवंगत) श्री मोहन सिंह कोली,
सहायक कमांडेंट,
145वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

(दिवंगत) श्री पुरुषोत्तम सिंह,
कांस्टेबल (ड्राईवर),
145वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

बंगलादेश सीमा पर त्रिपुरा उत्तरी सेक्टर में तैनात सुरा सीमक्षा बल की 145वीं बटालियन के श्री मोहन सिंह कोली, 6 फरवरी, 1996 को लगभग 1015 बजे सीमा चौकी दिगियाबाड़ी से सीमा चौकी बोगाबिल को चले। यह भू-भाग नीचा, घने पेड़ पौधों वाली पहाड़ियों वाला है, जहां बोगाबिल से 2.5 किलोमीटर दूर घुमावदार सड़क है, जब श्री एम० एस० कोली की दो वाहनों वाली कानवाई एक मोड़ काट रही थी तो विद्रोहियों ने घात लगायी। इस गोलीबारी में कांस्टेबल (ड्राईवर) पुरुषोत्तम सिंह की छाती पर और श्री एम० एस० कोली की बांयी टांग पर गोली लगी। जख्मी होने के बावजूद कांस्टेबल (ड्राईवर) पुरुषोत्तम सिंह लगातार गाड़ी चलाते रहे और वाहन को घात क्षेत्र से बाहर निकालने में कामयाब हो गए। घात क्षेत्र को पार करते ही श्री कोली, सहायक कमान्डेंट, हालांकि वे जख्मी थे, वाहन से बाहर कूद पड़े और घात पर वापस गोलीबारी करने के लिए रक्षक दल को संगठित किया। पहाड़ियों पर चढ़ कर उन्होंने रक्षक दल को सुविधाजनक स्थानों पर तैनात करके उसे घात पर गोलियां चलाने का निदेश दिया। यह देख कर कि गश्ती दल को पुनः संगठित कर दिया गया है, विद्रोही ग्रुप पीछे हट गया और बंगला देश की तरफ भाग खड़ा हुआ। बोगाबिल और देलचेरा सीमा चौकियों से कुमुक ने सर्वश्री पुरुषोत्तम सिंह और कोली को वहां से निकाल लिया जिन्होंने घावों के कारण अस्पताल में दम तोड़ दिया। सर्वश्री पुरुषोत्तम सिंह और कोली ने सेवा की उच्चतम परम्परा को बनाए रखते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

इस मुठभेड़ में (दिवंगत) श्री मोहन सिंह कोली, सहायक कमान्डेंट और (दिवंगत) श्री पुरुषोत्तम सिंह, कांस्टेबल, 145वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 6–2–96 से दिया जाएगा।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

सं० 62–प्रेज/98—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री उमेद सिंह, उप कमांडेंट,
31वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

19 जुलाई, 1996 को पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) से सूचना मिली कि उग्रवादियों का एक दल गांव हरीपुरा में छिपा है। तदनुसार, एक संयुक्त ऑपरेशन चलाने की योजना बनाई गई। ऑपरेशन पार्टी 21.30 बजे पैदल ही गांव हरीपुरा को रवाना हो गई। यह पार्टी जैसे ही पुल के करीब पहुंची तो इस पर घात लगाकर भारी गोलीबारी की गई। आत्मरक्षा में इन पार्टियों ने गोलीबारी का जवाब गोलियां चलाकर दिया और पंद्रह मिनट तक दोनों ओर से गोलीबारी होती रही। उस क्षेत्र में प्रकाश किया गया तो श्री उमेद सिंह अब उस स्थान को देख सकते थे जहां से उग्रवादी गोलीबारी कर रहे थे। श्री सिंह ने वायरलैस पर सहायक कमांडेंट को निर्देश दिया कि वे दूसरी ओर से घेरा डाल लें तथा कवरिंग फायर प्रदान करें। जब पूरा पुलिस दल उग्रवादियों द्वारा की गई भारी गोलीबारी के दबाव में आ गया तथा पुलिस की ओर से की जा रही गोलीबारी में प्रभावी नहीं रह पाई तो श्री उमेद सिंह चार जवानों सहित बांई ओर मुड़े और उस घर की पिछली ओर गए जहां से गोलियां चलाई जा रहीं थी। श्री सिंह और उनके कार्मिकों ने आड़ में मोर्चा ले लिया। इस बीच एक उग्रवादी उठा और अपनी राइफल बड़े नजदीक से उन पर तान दी परन्तु इससे पहले कि वह गोली चलाए श्री सिंह ने बिजली की तत्परता से अपनी राइफल से गोलियां चला दीं जो उग्रवादी के सिर में लगी। कराहता हुआ वह जमीन पर गिर गया। विद्रोहियों ने यद्यपि, उनकी गतिविधियों को देख लिया था तथा इससे पहले कि वे अपनी पोजीशन पर पहुंच पाते, विद्रोही अंधेरे और ऊंचे-नीचे इलाके का लाभ उठाते हुए भाग निकले। उस क्षेत्र की सर्चलाईट द्वारा तलाशी ली गई। एक शव बरामद किया गया। मृत उग्रवादी की पहचान बाद में गुलाम रसूल मीर उर्फ तारिक मीर, जमायत-उल-मुजीहिदीन का पी० टी० एम० मुखिया के रूप में की गई। मुठभेड़ स्थल से 1-यू० एम० जी०, 1 राइफल, ए० के० श्रेणी की 3 मैगजीनें और 5 राउण्ड बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री उमेद सिंह, उप कमांडेंट, 31वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल, ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम, 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19-7-96 से दिया जाएगा।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 63-प्रैज/98—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और पद

श्री एन० के० एन० पानिकर, कमांडेंट,
71वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री महावीर सिंह, हैड कांस्टेबल,
71वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

पिंगलाना गांव के एक घर में विद्रोहियों की दिनांक 31 अगस्त 1996 को एक बैठक होने की सूचना प्राप्त होने पर श्री एन० के० एन० पानिकर, कमांडेंट, की कमान में घेरा डालने और तलाशी आपरेशन चलाने की योजना बनाई गई। इस प्रयोजनार्थ, विभिन्न अधिकारियों के नेतृत्व में घेरा डालने वाली छह पार्टियों का गठन किया गया। श्री पानिकर के नेतृत्व वाली पार्टी ने उस परिसर पर छापा मारा जहां उग्रवादी एकत्र हुए थे जबकि अन्य पार्टियां लक्षित घर की ओर बढ़ने लगीं। इस बात का आभास होने पर कि पुलिस ने घेरा डाल दिया है उग्रवादी अपने स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी करते हुए बच कर भागने लगे जिससे श्री पानिकर की बांई भौंह पर घाव हो गया। अपनी निजी सुरक्षा की चिंता किए बगैर श्री पानिकर ने मिट्टी की दीवार के निकट मोर्चा संभाल लिया और एक उग्रवादी को मार गिराया। इस बीच, श्री हरमिन्दर पाल ने उपलब्ध आड़ में पोजीशन लेकर भागते हुए उग्रवादियों पर गोलियां चलाई तथा एक और उग्रवादी को मार गिराया। श्री महावीर सिंह के नेतृत्व वाली पार्टी पर भी तीसरे उग्रवादी द्वारा भारी गोलीबारी की गई। श्री सिंह ने आत्मरक्षा में उग्रवादी पर गोली चलाई। श्री सिंह की दायीं जांघ पर गोली लगने से घाव हो गया। फिर भी आगे बढ़ते हुए श्री सिंह ने उग्रवादी पर गोलियां चलाई और उसे वहीं मार गिराया। मारे गए उग्रवादियों की पहचान बाद में मोहम्मद युसुफ वानी, कम्पनी कमांडर, शकील अहमद लोने और रियाज अहमद गनाई के रूप में हुई जो सभी हिजबुल मुजाहिदीन ग्रुप से थे। मुठभेड़ स्थल से 2 ए० के० 56 राइफलें, 1 ए० क० 47 राइफल, ए० के० 47/56 की 7 मैगजीनें, एक वायरलैस सैट, 2 डिटोनेटर 1 आयरन ग्रेनेड, एक स्टिक ग्रेनेड और ए० के० श्रेणी के सक्रिय 37 राउण्ड कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री एन० के० एन० पानिकर, कमांडेंट, और श्री महावीर सिंह, हैड कांस्टेबल, 71वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31-8-96 से दिया जाएगा।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 64-प्रैज/98—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

श्री जोगिन्दर पाल सिंह,
उप निरीक्षक,
162वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

श्री आर० के० दुबे,
लांस नायक,
162 वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किये गये।

13-6-1996 को कैल्लार क्षेत्र के कुमारी गांव में एक विद्रोही ग्रुप के मौजूद होने के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। कम्पनी कमाण्डरों के साथ विचार विमर्ष करने के बाद कमांडेंट द्वारा एक आपरेशन चलाने की योजना बनाई गई। आपरेशन को दक्षिणी किनारे पर गजोट/मलोठी और उत्तर में सारूनवा से एक-एक निरीक्षक के नेतृत्व में एक साथ चलाने का निर्णय लिया गया। चार ग्रुप बनाए गए जिसमें से एक का नेतृत्व श्री जोगिन्दर पाल सिंह, उप निरीक्षक कर रहे थे। कमांड मुख्यालय सहित श्री सिंह के नेतृत्व वाली पार्टी गांव के पूर्वी ओर गई। रास्ते में पड़ने वाले कुछ संदिग्ध घरों की इस पार्टी द्वारा तलाशी भी ली गई। अभी यह पार्टी एक घर की ओर बढ़ी ही थी कि अचानक की गई घुंआधार गोलीबारी के कारण इसे खेत की मुंडेर पर मोर्चा लेना पड़ा। उग्रवादियों द्वारा पास के एक घर से भी गोलीबारी की गई। श्री आर० के० दुबे, लांस नायक को साथ लेकर श्री सिंह खेतों की रांरचना का पूरा लाभ उठाते हुए और होशियारी से आगे बढ़ते हुए प्रथम बार घर से गोली चलाने वाले के समानांतर पोजीशन पर पहुंच गए। यह स्थान मुंडेर के निचली तरफ था। श्री सिंह, श्री दुबे के साथ मुंडेर पर चढ़े और वहां पड़े लकड़ी के लट्ठों और शिलाखण्डों के पीछे मोर्चा संभाल लिया। जैसे ही वे ऊपर उठे उग्रवादियों ने तुरन्त उन्हें देख लिया और तत्काल अपनी एल० एम० जी० को वहां से हटा कर उन पर निशाना लगाने का प्रयास किया। जिस समय उग्रवादी उन पर गोली चलाने ही वाला था तो श्री सिंह और श्री दुबे ने उग्रवादी पर गोलियां चला दीं। वह उसी समय वहीं पर मारा गया। जब पार्टियों ने दूसरे अन्य उग्रवादियों को पकड़ने का प्रयास किया तो वे घने जंगल की आड़ लेकर बच कर भाग गए। मारे गए उग्रवादी की पहचान शाहिद शाह, क्षेत्रीय कमांडर, जो एच० एम० गुट से था, के रूप में की गई तथा यू० एम० जी०-1, 12 बोर (एस० बी० गन)-1, ए० के० मैगजीन-2, यू० एस० जी० राउण्ड 81, 1-ग्रेनेड और भारतीय मुद्रा में 700 रुपये बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री जोगिन्दर पाल सिंह, उप निरीक्षक, श्री आर० के० दुबे, लांस नायक, 162वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत एवीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13-6-96 से दिया जाएगा।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

सं० 65-प्रेज/98—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/पुलिस पदक का बार सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम और पद

श्री एस० ए० आल्वी, कमांडेंट,
104वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

श्री एस० बी० मुकर्जी,
सहायक कमाण्डेण्ट (तक०)
104वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल।

श्री बन्सी राम, निरीक्षक,
104वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल।

श्री गुणपाल सिंह, कांस्टेबल
104वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल।

श्री सुभाष चन्द्र, कांस्टेबल,
104वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

30 सितम्बर, 1995 को लगभग 17.20 बजे श्री एस० ए० आल्वी, कमांडेण्ट को विश्वस्त सूचना मिली कि किसी मो० शाबन, निवासी मैथान, चानपुरा के घर में कुछ आतंकवादी एकत्र हुए हैं और संभावना है कि वे मैथान में सीमा सुरक्षा बल चौकी पर गोलीबारी करें। श्री आल्वी ने तत्काल अपनी कम्पनी से कर्मी लेकर तीन दल बनाए और उस घर की अवस्थिति का अध्ययन करने के बाद इन तीनों प्लाटूनों को तीन विभिन्न दिशाओं से उस घर पर पहुंचने के लिए तैनात किया। एक पार्टी का नेतृत्व वे स्वयं कर रहे थे और अन्य दो दलों का नेतृत्व श्री एस० बी० मुखर्जी, सहायक कमांडेन्ट (तक०) और सूबेदार बन्सी राम

कर रहे थे। सूबेदार (जी०) निर्मल सिंह ने भी बंकर वाहन कार्मिकों को लेकर श्री आल्वी की कमान में एक पार्टी का गठन किया। इन सभी पार्टियों ने पोजीशन ली और घर के आस-पास सीमा सुरक्षा बल की गतिविधियों की भनक पाकर आतंकवादियों ने सभी ओर से गोलियां चलानी शुरू कर दी। घर की एक बगल के दोनों ओर एल० एम० जी० लगाकर श्री आल्वी दो एस्कोर्ट कांसटेबलों श्री गुणपाल सिंह और बीरपाल सिंह के साथ भवन के पास पहुंचने और घर में एक हथगोला फेंकने में सफल हो गए। जब हथगोला फटा तो घर के सामने की तरफ से तीन आतंकवादी कूदे और उन्होंने घेरे को तोड़ने का प्रयास किया। तब तक श्री बन्सी राम ने मोर्चा संभाल लिया था और अपने कार्मिकों को आड़ में तैनात कर दिया था। भागने के रास्ते को अवरुद्ध हुआ देखकर आतंकवादी पीछे की ओर मुड़े। सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ी गोलियां चलाती रही और कमांडेन्ट एक आतंकवादी को मार गिराने में सफल हो गए और उसके बाद शीघ्र ही उनके ग्रुप ने दो अन्य आतंकवादियों को मार गिराया। मारे गये आतंकवादियों की पहचान नजीर अहमद उर्फ तनवीर, मो० शाबन भट्ट उर्फ शाबलू उर्फ जाहिद और मो० आमिन मिर उर्फ सुल्तान, जो सभी तहरीक-उल-मुजाहिद्दीन के थे, के रूप में की गई। नजीर अहमद रेजिमेन्टल कमाण्डर था। आतंकवादियों की गोलीबारी से एक नागरिक की मौत हो की भी सूचना मिली थी। दो ए० के० राइफलें, 2 ए० के मैगजीन, 3 हथगोले, 1 वायरलैस सैट कई राउण्ड गोलाबारूद बरामद किये गये।

इस मुठभेड़ में श्री एस०ए० आल्वी, कमान्डेंट, एस० बी० मुखर्जी, सहायक कमांडेंट (तक.), बन्सी राम, निरीक्षक, गुणपाल सिंह, कांस्टेबल और श्री सुभाष चन्द्र, कांस्टेबल, 104वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि के कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30-9-95 से दिया जाएगा।

एस० के० शरीफ
राष्ट्रपति का संयुक्त सचिव

खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्रालय

(उपभोक्ता मामले विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 6 अप्रैल 1998

संकल्प

विषय : भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान, रांची की सलाहकार समिति का पुनर्गठन

सं० डब्ल्यू० एम० 2(6)/95—केन्द्रीय सरकार, भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान नियम (इंडियन इंस्टीट्यूट आफ लीगल मेटरालोजी रूल्स) 1980 के नियम-8 के अनुसरण में और खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय (नागरिक पूर्ति विभाग) के दिनांक 28 जून, 1988 के संकल्प सं० डब्ल्यू० एम० 2(5)/88 का अधिक्रमण करते हुए, भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान, रांची की सलाहकार समिति का पुनर्गठन करती है, जिसमें निम्नलिखित होंगे :—

अध्यक्ष

1. सचिव, भारत सरकार,
उपभोक्ता मामले विभाग,
अथवा उसका नामनिर्देशिती जो
संयुक्त सचिव से कम रैंक का
अफसर नहीं होगा।

2. सदस्य
महाप्रबंधक
भारत सरकार टकसाल, फोर्ट मुम्बई,
अथवा उसका नामनिर्देशिती।

3. डा० ए० के० चक्रवर्ती,
सलाहकार,
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग,
प्रौद्योगिकी भवन, न्यू महरौली रोड,
नई दिल्ली-110016।

4. श्री यू० के० झा,
अतिरिक्त विधि सलाहकार,
कमरा सं० 424 "ए" विंग,
शास्त्री भवन,
विधि और न्याय मंत्रालय,
नई दिल्ली।

5. निदेशक,
नेशनल फिजिकल लेबोरेटरी, नई दिल्ली
अथवा उसका नामनिर्देशिती।

उद्योग प्रतिनिधि

6. श्री एम० के० संघानिया,
प्रबंध निदेशक,
शंकर वायर प्रोडक्ट्स,
देवघर, बिहार।

नाम निर्दिष्ट सदस्य

7. बाट और माप नियंत्रक
आंध्र प्रदेश सरकार,
हैदराबाद।

8. विधिक माप विज्ञान नियंत्रक,
मध्य प्रदेश, भोपाल।

9. विधिक माप विज्ञान नियंत्रक,
असम सरकार,
गुवाहाटी ।

10. विधिक माप विज्ञान नियंत्रक,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार,
दिल्ली ।

11. श्री बी० राम कुमार,
प्रशिक्षार्थी प्रतिनिधि,
मार्फत भारती माप विज्ञान संस्थान,
रांची ।

12. महानिदेशक,
भारतीय मानक ब्यूरो,
नई दिल्ली
अथवा उसका नाम निर्देशिती ।

13. निदेशक,
नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फाउण्ड्री एण्ड
फोर्जिंग टेक्नालाजी,
एच० ई० सी० कालोनी,
रांची ।

14. कर्मशाला का विभागाध्यक्ष,
राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्
महरौली रोड,
नई दिल्ली ।

सहयोजित सदस्य

15. लेखा नियंत्रक,
उपभोक्ता मामले विभाग,
नई दिल्ली ।

पदेन सदस्य

16. विधिक माप विज्ञान निदेशक,
उपभोक्ता मामले विभाग,

पदेन संयोजक

17. निदेशक,
भारतीय विधिक माप विज्ञान संस्थान,
रांची ।

राजीव श्रीवास्तव,
अपर सचिव

4—31 GI/98

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 18 दिसम्बर 1997

संकल्प

विषय—राष्ट्रीय पुस्तक प्रोन्नति परिषद् गठन

सं० एफ०-7-13/93-बी० पी०-II—मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग, भारत सरकार ने देश के सम्पूर्ण जरूरतों के सन्दर्भ में पुस्तक उद्योग के विकास हेतु दिशा-निर्देश निर्धारित करने के लिये वर्ष 1967 में राष्ट्रीय पुस्तक विकास बोर्ड की स्थापना की थी। तदुपरान्त 1970 में बोर्ड का पुर्नगठन किया गया था और फरवरी, 1974 तक कार्य किया। राष्ट्रीय पुस्तक विकास परिषद् नामक एक नई निकाय की स्थापना 15 सितम्बर, 1983 को की गई थी और 30 सितम्बर, 1985 तक कार्य किया। परिषद् का अन्तिम पुर्नगठन 3 वर्ष की अवधि अर्थात् 5-11-93 तक के लिये 6-11-90 को किया गया था।

2. भारत सरकार ने अब पूर्व राष्ट्रीय पुस्तक विकास परिषद् की समीक्षा करने का निर्णय लिया है और उसका पुनः नाम राष्ट्रीय पुस्तक प्रोन्नति परिषद् कर दिया है जिसकी संरचना तथा कार्य निम्नलिखित है :—

परिषद् के कार्य

राष्ट्रीय पुस्तक प्रोन्नति परिषद् के कार्य निम्नलिखित हैं :—

(क) यह पुस्तक प्रोन्नति के साथ-साथ पुस्तकों का लेखन/पुस्तकों के रचनाकार, प्रकाशन और बिक्री, मूल्य और कापीराइट, पुस्तक पढ़ने की आदत, उपलब्धता और विभिन्न भारतीय भाषाओं में विभिन्न आयु वर्गों के लिये जनसंख्या के विभिन्न वर्गों में पुस्तकें सुलभ कराना और गुणवत्ता तथा सामान्य भारतीय पुस्तकों की विषय-वस्तु को शामिल करते हुए सभी मुख्य पहलुओं पर विचारों का आदान-प्रदान सुकर बनाने वाला एक मंच है।

(ख) परिषद् के बैठकों में प्राप्त हुए सुझावों तथा विचार को भारत सरकार के संबंधित मंत्रालयों/एजेंसियों द्वारा ध्यान में रखे जाने वाले निवेशों के रूप में अपनी नीतियों तथा कार्यक्रमों को तैयार करने में उनको उस सीमा तक शिक्षा विभाग द्वारा प्रलेखित किया जायेगा जहां तक वे प्रासंगिक होंगे।

(ग) परिषद् की प्रत्येक बैठक के लिये, तत्सम्बन्धी कार्य सूची तथा टिप्पणियां समय-समय पर परिषद् के सदस्यों से प्राप्त सुझावों के आधार पर शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की जायेगी।

(घ) परिषद् की बैठक वर्ष में एक या दो बार होगी।

3. परिषद् का मुख्यालय तथा सचिवालय

परिषद् का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित होगा और इसका सचिवालय शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की पुस्तक प्रोन्नति एवं कापीराइट प्रभाग द्वारा प्रदान किया जाएगा।

4. परिषद् का गठन

राष्ट्रीय पुस्तक प्रोन्नति परिषद् का गठन निम्न प्रकार से होगा:—

(क) अध्यक्ष : मानव संसाधन विकास मंत्री
मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(ख) उपाध्यक्ष : राज्य मंत्री (शिक्षा)

(ग) लेखक

(1) श्री सुभाष मुखोपाध्याय,
बंगाली लेखक, ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता
5/बी, डॉ० सरत बनर्जी रोड,
कलकत्ता–700029।

(2) श्री गो० रू० चन्नावासप्पा
पूर्व अध्यक्ष, कन्नड़, साहित्य परिषद्
"राम ज्योति", 1453, साउथ खण्ड "ए" रोड,
9वां तल ब्लाक, जय नगर, बंगलौर–560069।

(घ) संगठन के प्रमुख प्रकाशक संघ–3

(1) अध्यक्ष, भारतीय प्रकाशक संघ, नई दिल्ली

(2) अध्यक्ष, पुस्तक, प्रकाशन और मुद्रण पैनल
(पुस्तक भाग) केपक्सिल्स, नई दिल्ली।

(3) महा सचिव, दक्षिण, भारत हिन्दी प्रचार सभा,
चेन्नई।

(ङ) कापीराइट में विशेषज्ञ

डा० आर० वी० वैद्यनाथ अय्यर, पूर्व अवर सचिव
(शिक्षा)।

(च) पदेन सदस्य –5

(1) अध्यक्ष, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली।

(2) अध्यक्ष, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली।

(3) अपर सचिव, शिक्षा विभाग।

(4) संयुक्त सचिव (पुस्तकालय प्रभारी), संस्कृति विभाग।

(5) संयुक्त सचिव (बी० पी०)—सदस्य–सचिव।

5. सदस्यों की अवधि.

राष्ट्रीय पुस्तक प्रोन्नति परिषद् की अवधि तीन वर्ष होगी। परिषद् के अध्यक्ष और पदेन सदस्यों को छोड़कर प्रत्येक सदस्य की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष होगी जब तक कि कम या लम्बी अवधि नहीं दर्शायी गई है, परन्तु वह पुनः नियुक्ति के लिये पात्र होगा। जहां परिषद् का सदस्य, सदस्य कार्यालय पर जिस पद पर वह है उसकी वजह से सदस्य बनता है तो परिषद् की उसकी सदस्यता, वह कार्यालय या नियुक्ति छोड़ने पर समाप्त हो जायेगी। सदस्यों के बीच (पदेन सदस्यों को छोड़कर) सभी अनियमित रिक्तियां उस प्राधिकारी या निकाय द्वारा भरी जायेगी जिन्होंने उस सदस्य को नामांकित किया था जिनका स्थान रिक्त हुआ है तथा अनियमित रिक्ति पर नियुक्त व्यक्ति उस शेष अवधि के लिये परिषद् का सदस्य होगा जिसके लिये स्थान भरा गया है वह व्यक्ति सदस्य होगा।

6. बैठकें और उप समितियां

परिषद् की वर्ष में कम से कम एक बार बैठक होगी। परिषद् विशिष्ट उद्देश्यों के लिये समितियां/पैनल स्थापित कर सकता है जो जब भी आवश्यक हो जल्दी-जल्दी बैठकें कर सकते हैं।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सभी राज्य सरकारों और संघ के प्रशासनों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और उनके विभागों, मंत्रिमण्डल सचिवालय, प्रधान मंत्री का कार्यालय, संसदीय कार्य मंत्रालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, राष्ट्रपति सचिवालय, योजना आयोग को भेजी जाये।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को भारत सरकार के राजपत्र में सूचनार्थ प्रकाशित किया जाये।

रूद्र गंगाधरन,
संयुक्त सचिव (बी०पी०)

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 11th April 1998

No. 34-Pres/98.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned Officer of the Government of A & N Islands :—

Name and Rank of the Officers

Shri Mahanand Toppo,
Constable,
Jarwas Protection Police Post,
Tirur, Port Blair.

State of services for which the decoration has been awarded

On the intervening night of 23/24-4-1997 a group of about 30-35 Jarwas inhabited in the jungles of Andamans attacked the Jarwas Protection Post, Tirur. They started pulling out the bamboo wall of a police outpost. Shri Mahanand Toppo, Constable was on sentry duty. He noticed that Jarwa hostiles were aiming their arrows at his colleagues who were sleeping in the hut. He also alerted his colleagues. In the meantime one of the arrows shot by the Jarwas hit Constable Toppo on the left side of his chest. Thereafter, other police personnel got up and took position. Despite his grievous injury, Shri Toppo pulled out the arrow, continued firing on the Jarwas till they were scared away.

